वर्ष 24, अंक 92, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 12 अक्टूबर 2025

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## आत्मनिर्भर कृषि का संकल्प

## पीएम मोदी ने दो प्रमुख योजनाओं की शुरूआत की, कांग्रेस पर कसा तंज



**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कृषि क्षेत्र में 35,440 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली दो प्रमुख योजनाओं, प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित एक विशेष कृषि कार्यक्रम में इन योजनाओं का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, 24,000 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता में वृद्धि, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाना, पंचायत और ब्लॉक स्तर पर कटाई के बाद भंडारण क्षमता में वृद्धि, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और चयनित 100 जिलों में दीर्घकालिक और अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाना है।

मोदी ने इस दौरान कहा कि आज 11 अक्टूबर का ये दिन बहुत ही ऐतिहासिक है। आज नया इतिहास रचने वाले मां भारती के दो महान रत्नों की जन्म-जयंती है। भारत रत्न श्री जयप्रकाश नारायण जी और भारत रत्न श्री नानाजी देशमुख... ये दोनों ही महान सपूत ग्रामीण भारत की आवाज थे। लोकतंत्र के क्रांति के अगुआ थे। किसानों और गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित थे। उन्होंने कहा कि आज इस ऐतिहासिक दिन, देश की आत्मनिर्भरता के लिए, किसानों के कल्याण के लिए दो महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरूआत हो रही है।पहली, पीएम धन धान्य कृषि योजना और दूसरी, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये दोनों योजनाएं भारत के करोड़ों किसानों का भाग्य बदलने का काम करेगी। इन योजनाओं पर भारत सरकार करीब 35 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करने वाली है। उन्होंने कहा कि खेती और किसानी हमेशा से हमारी विकास यात्रा की हिस्सा रही है।

बहुत जरूरी होता है कि बदलते समय के साथ खेती-किसानी को सरकार का सहयोग मिलता रहे। लेकिन दुर्भाग्य से पहले की सरकारों ने खेती-किसानी को अपने हाल पर छोड़ दिया था। इसलिए भारत की कृषि व्यवस्था लगातार कमजोर होती जा रही थी। 21वीं सदी के भारत को तेज विकास के लिए अपनी कृषि व्यवस्था में भी सुधार करना आवश्यक था और इसकी शुरूआत 2014 के बाद से हुई।

## जाति आधारित रैली को लेकर हाई कोर्ट ने योगी सरकार से मांगा जवाब



**लखनऊ**
**इलाहाबाद** हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने शुक्रवार को इस बात पर नाराजगी जताई कि पूर्व आदेश के बावजूद, राज्य सरकार ने यह स्पष्ट जवाब नहीं दिया कि अगर कोई राजनीतिक दल जाति आधारित रैली आयोजित करता है तो वह क्या करेगी.

हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 अक्टूबर की तारीख तय की है. न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति राजीव भारती की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान नाराजगी प्रकट की.

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार ने मांगा जवाब

हाईकोर्ट ने 11 जुलाई, 2013 से जाति आधारित रैलियों पर प्रतिबंध लगा दिया था. खंडपीठ ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि वह सात अगस्त, 2024 के उसके आदेश के अनुपालन में तीन दिनों के भीतर हलफनामा दाखिल करे, अन्यथा संबंधित प्रमुख सचिव को अगली सुनवाई पर अदालत में उपस्थित होना होगा.

सुनवाई के दौरान, राज्य सरकार के वकील ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने 21 सितंबर, 2025 को एक सरकारी आदेश जारी करके राज्य में राजनीतिक उद्देश्यों के लिए जाति आधारित रैलियों पर प्रतिबंध लगा दिया है. इस पर, अदालत ने राज्य सरकार के वकील से पूछा कि इस संबंध में हलफनामा दायर करने में फिर क्या समस्या थी.

जाति आधारित रैलियों पर प्रतिबंध

पिछली सुनवाई में, निर्वाचन आयोग ने भी कहा था कि उसने आदर्श आचार संहिता के तहत जाति आधारित रैलियों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है. अदालत ने राज्य सरकार से कार्रवाई करने के उसके अधिकार के बारे में स्पष्टीकरण मांगा था. लेकिन, कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया, जिससे पीठ नाराज हो गई. अदालत ने 11 जुलाई, 2013 को राज्य में राजनीतिक दलों द्वारा जाति आधारित रैलियों पर प्रतिबंध लगा दिया था. एक अंतरिम आदेश पारित करते हुए, अदालत ने कहा था कि जाति व्यवस्था समाज को विभाजित करती है और भेदभाव पैदा करती है. न्यायालय ने कहा था कि जाति आधारित रैलियों की अनुमति देना संविधान की भावना, मौलिक अधिकारों और दायित्वों का उल्लंघन है।

## ' IPS सुसाइड मामले पर मायावती सख्त, हरियाणा सरकार से की ये मांग



**लखनऊ**
बसपा सुप्रीमो मायावती ने हरियाणा में आईजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की आत्महत्या मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी हैं. उन्होंने इस घटना को सरकार के लिए शर्मनाक बताया और कहा कि इससे साबित होता है कि लाख दावों के बावजूद जातिवाद का दंश शासन और प्रशासन पर हावी है और सरकार इसे रोकने में नाकाम है. बसपा मुखिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक लंबी पोस्ट की और लिखा- 'हरियाणा राज्य में आईजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाई. पूरन कुमार, जिनकी पत्नी भी स्वंय हरियाणा की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं, द्वारा जातिवादी शोषण व प्रताड़ना के कारण की गयी आत्महत्या की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है. खासकर दलित व बहुजन समाज के लोग काफी उद्वेलित हैं.

यह अति-दुखद व अति-गंभीर घटना खासकर एक सभ्य सरकार के लिये शर्मनाक है और यह साबित करती है कि लाख दावों के बावजूद जातिवाद का दंश कितना अधिक खासकर शासन-प्रशासन में हावी है ।

## अफगान विदेश मंत्री मुतक्की की प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों की No Entry पर MEA का पहला रिएक्शन



**अफगानिस्तान**
**विदेश** मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि शुक्रवार (10 अक्टूबर) को दिल्ली में अफगान विदेश मंत्री द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंत्रालय का कोई हस्तक्षेप या भूमिका नहीं थी. मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि महिला पत्रकारों को इस प्रेस इंटरैक्शन में शामिल न करने का निर्णय टएअ का नहीं था. टएअ की यह टिप्पणी अफगान विदेश मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान महिला पत्रकारों की अनुपस्थिति पर उठी आलोचनाओं के बीच आई है.

मंत्रालय ने कहा कि यह मुद्दा केवल प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजकों द्वारा तय किया गया था और MEA की कोई भूमिका नहीं थी.अफगानिस्तान के तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर खान मुतक्की गुरुवार को सात दिन के भारत दौरे पर पहुंचे. अपने दौरे के दूसरे दिन उन्होंने भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की. इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार, मानवीय सहायता और सुरक्षा सहयोग जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की. मुतक्की ने आश्वासन दिया कि अफगानिस्तान की जमीन का किसी भी हाल में अन्य देशों के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने दिया जाएगा।

## चिराग के लिए न नीतीश और न मांझी, कोई नहीं छोड़ रहा विनिंग सीटें

### बीजेपी पर बढ़ा प्रेशर... सीट बंटवारे को लेकर एनडीए में बवाल!



**बिहार**
**बिहार** में विधानसभा चुनाव से पहले NDA के भीतर सीट बंटवारे को लेकर हलचल तेज हो गई है. दिल्ली में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर जेडीयू, एचएएम, आरएलएसपी और एलजेपीआर के नेताओं की बैठक हुई थी, जिसमें सीट बंटवारे को लेकर चर्चा हुई थी. सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में सीटों को लेकर अभी तक आम सहमति नहीं बन पाई है. बताया जा रहा है कि चिराग ने जिन सीटों की डिमांड की है, उनको लेकर जेडीयू और मांझी की पार्टी की सहमति नहीं बन पा रही है. वहीं बताया जा रहा है कि जेडीयू नेताओं ने बीजेपी हाई कमान को क्लीयर कर दिया है कि चिराग से वही डील करे, जेडीयू उनसे डील नहीं करेगी.

जदयू अपनी सीटें महनार, मटिहानी और चकाई चिराग को नहीं देने को तैयार है. महनार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा की सीट है, जबकि मटिहानी 2020 में चिराग की पार्टी जीती थी, लेकिन अब विधायक जदयू में शामिल हो चुके हैं. चकाई में निर्दलीय विधायक सुमित सिंह हैं, जिन्हें जदयू का समर्थन प्राप्त है.

बीजेपी अपनी गोविंदगंज सीट चिराग को देने को तैयार नहीं है. वहीं, मांझी की पार्टी अपनी सिकंदरा सीट भी चिराग को देने को तैयार नहीं है. सूत्रों के अनुसार, चिराग वैसी सीटों पर दावा कर रहे हैं जहां उनके उम्मीदवार जीत सकें, जिससे सीटों का यह मामला NDA में फंसा हुआ है. बीजेपी ने जदयू से कहा है कि चिराग से खुद डील करें.

RLM के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने क्या कहा?

फ्छट के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने स्पष्ट किया है कि मीडिया रिपोर्ट्स में जो यह दावा किया जा रहा है कि ठउ्अ के भीतर सीट बंटवारे पर अंतिम सहमति बन गई है और उनकी पार्टी को कुछ सीटें दी जा रही हैं, वह गलत है. उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि बातचीत अभी पूरी तरह संपन्न नहीं हुई है और यह जारी है. भाजपा नेतृत्व द्वारा दी गई आगे की जानकारी के आधार पर उनकी टीम दिल्ली जा रही है, जहां बातचीत होगी. उन्होंने यह भी बताया कि उनकी पार्टी सार्वजनिक रूप से यह नहीं बताएगी कि उन्हें कितनी सीटें चाहिए।

## उत्तराखंड में सतत विकास के लिए सरकार प्रतिबद्धः पुष्कर सिंह



**उत्तराखंड**
**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सतत विकास के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए शुक्रवार को कहा कि अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी के बीच संतुलन सुनिश्चित करने के लिए राज्य में नौ सूत्री नीति शुरू की गयी है।

यहां दून विश्वविद्यालय में शुरू हुए ह्यइंडियन एसोसियेशन आफ सोशल साइंस इन्सटीटयूशन्स (आईएएसएसआई)ह्न के 24वें वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर धामी ने कहा कि सरकार राज्य में आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता बनाए रखते हुए सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा, सरकार ने अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी के बीच संतुलन सुनिश्चित करने के लिए नौ सूत्री नीति शुरू की है जो सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस तीन दिवसीय सम्मेलन में देश भर से 400 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं जो विशेष रूप से हिमालयी क्षेत्रों के संदर्भ में सतत विकास, जलवायु लचीलापन और आजीविका सुरक्षा जैसे मुददों पर विचार-विमर्श करेंगे। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने सामाजिक न्याय, गरीबी उन्मूलन और समावेशी विकास पर सरकार के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने विशेष रूप से उत्तराखंड जैसे संवेदनशील पारिस्थितिक क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति और जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रभावों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए कृत्रिम बौद्धिकता जैसी उभरती हुई तकनीकों को अपनाने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

## सिद्धरमैया ने जीबीए की पहली बैठक की अध्यक्षता की

## नागरिक सुविधाओं पर ध्यान देने का निर्देश दिया



**कर्नाटक**
**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने ग्रेटर बेंगलुरु अथॉरिटी (जीबीए) की उद्घाटन बैठक की अध्यक्षता की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहर के निवासियों को आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिनमें कचरे का सही तरीके से निपटान, यातायात जाम कम करना और सड़कों का रखरखाव शामिल है। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश भी दिया कि शहर को स्वच्छ रखने, उसकी सुंदरता बढ़ाने और जीबीए के तहत आने वाले पांचों नगर निगमों की आय बढ़ाने के लिए कदम उठाए जाएं। नवगठित ग्रेटर बेंगलुरु अथॉरिटी (जीबीए) एक एजेंसी के रूप में काम करेगी, जो समन्वयक की भूमिका निभाएगी। शहर का प्रशासन पांच नगर निगम देखेंगे।

## 2025 बिहार चुनाव से पवन सिंह ने खींचा हाथ, खुद को बताया भाजपा का सच्चा सिपाही




**नई दिल्ली**
**लोकप्रिय** भोजपुरी अभिनेता-गायक पवन सिंह ने शनिवार को खुद को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का 'सच्चा सिपाही' बताते हुए कहा कि वह बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए, राजपूत समुदाय से आने वाले सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि वह चुनाव लड़ने के लिए भाजपा में शामिल नहीं हुए हैं। उन्होंने पोस्ट किया, "मैं, पवन सिंह, अपने भोजपुरी समाज को सूचित करना चाहता हूँ कि मैं बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी में शामिल नहीं हुआ हूँ और न ही मेरा विधानसभा चुनाव लड़ने का इरादा है। मैं पार्टी का सच्चा सिपाही हूँ और रहूँगा।"

## कप्तान गिल ने विराट के रिकॉर्ड की बराबरी की

**नई दिल्ली**
भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने आज नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट मैच में अपना 10वाँ टेस्ट शतक जड़ा। टेस्ट क्रिकेट में कप्तान बनने के बाद से ही वह लगातार रन बना रहे हैं। उनका नवीनतम शतक रिकॉर्ड तोड़ साबित हुआ क्योंकि गिल ने टेस्ट कप्तान के रूप में कई उपलब्धियाँ हासिल कीं और साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) के इतिहास में भारत के लिए एक नया रिकॉर्ड भी बनाया।

## डीके शिवकुमार ने सीएम पद की अटकलों को नकारा, बोले- भ्रम फैलाया जा रहा है



**कर्नाटक**
**कर्नाटक** के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शनिवार को मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी दावेदारी की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि लोग भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। शिवकुमार ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कर्नाटक में नेतृत्व के मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं की थी, बल्कि केवल राज्य के अच्छे दिनों पर चर्चा की थी। उन्होंने कहा कि मैंने नेतृत्व के मुद्दे पर कुछ भी नहीं कहा है। इस मुद्दे पर कुछ गलतफहमी है। कुछ निवासियों ने कहा कि अच्छे दिन आने वाले हैं। मैंने कहा, बस इसे देखें। डीके शिवकुमार ने कहा कि ऐसा नहीं है कि मुझे नहीं पता; कुछ मीडिया वाले भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। आपको भ्रमित होने की जरूरत नहीं है। मुझे पता है कि मेरा समय कब है। मेरा समय यह देखने का है कि मैं 2028 में कर्नाटक में कांग्रेस सरकार वापस लाऊँ। यही मेरी प्राथमिकता है।

## महाराष्ट्र सरकार ने बारिश प्रभावित तहसीलों में कृषि ऋण वसूली रोकी



**महाराष्ट्र**
**महाराष्ट्र** सरकार ने राज्य के 34 जिलों में बारिश के कारण नुकसान झेलने वाले किसानों के लिए राहत की घोषणा की है, जिसमें सहकारी समितियों से लिए गए ऋण को युक्तिसंगत बनाना और एक वर्ष तक कर्ज वसूली स्थगित करना शामिल है।

शुक्रवार को जारी एक शासकीय आदेश (जीआर) में कहा गया है कि राज्य के 347 तहसीलों में फसलों, कृषि भूमि और घरों को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है, मौतें हुई हैं, मवेशियों और अन्य जानवरों की हानि हुई है। जीआर में सहकारी समितियों से लिए गए ऋण को युक्तिसंगत बनाने, एक वर्ष तक कृषि ऋण वसूली को स्थगित करने तथा प्रभावित तहसीलों में कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा शुल्क माफ करने की घोषणा की गई। इसमें कहा गया है कि तीन महीने के बिजली बिल भी माफ कर दिए जाएंगे।

जीआर के अनुसार, राज्य कृषि विभाग के आकलन से पता चला है कि जून से सितंबर तक हुई बारिश के कारण 65 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फसलें नष्ट हो गई हैं। सितंबर में भारी वर्षा और बाढ़ से मराठवाड़ा व आसपास के क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुए।

इस सप्ताह की शुरूआत में राज्य सरकार ने बारिश और बाढ़ के कारण भारी नुकसान झेलने वाले किसानों के लिए 31,628 करोड़ रुपये के मुआवजा पैकेज की घोषणा की थी।

# बच्चों से भरी स्कूल वैन खाई में गिरी, बाल-बाल बचे सभी छात्र





## ड्राइवर पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप

**शंकरगढ़।** शनिवार की सुबह करीब 7 बजे एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब बच्चों से भरी एक स्कूल वैन यूपी-एमपी बॉर्डर स्थित पटहट गांव के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। सौभाग्य से सभी छात्र बाल-बाल बच गए।वैन न्यू चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल,शंकरगढ़ की बताई जा रही है, जिसमें आठ बच्चे सवार थे। हादसे में एक बच्चे को सिर में और एक छात्र के हाथ में गंभीर चोटें आईं, जबकि अन्य छात्रों को मामूली खरोंचें आईं।स्थानीय ग्रामीणों की सूझबूझ से सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और उन्हें नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। ड्राइवर हादसे में सुरक्षित रहा।घायल बच्चों में प्रतीक्षा तिवारी, प्रशांत मिश्रा, विराट मिश्रा, निधि पांडे, नमन पांडे, शिवा पांडे, साहस और ओम सिंह शामिल हैं। सभी बच्चे सुबह घर से स्कूल जा रहे थे। कक्षा 8 की छात्रा प्रतीक्षा तिवारी ने बताया कि वैन की हालत सही नहीं थी और ड्राइवर तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था। बच्चों ने ड्राइवर पर लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोप लगाया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल प्रशासन को बच्चों की सुरक्षा के लिए वैनों की नियमित फिटनेस जांच करवानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसे दोबारा न हों।

# लेखपालों की संख्या बढ़ने से निस्तारण में बढ़ी तेजी

## तीन पुलिस व चार राजस्व सम्बन्धित शिकायत आयी, निस्तारण

अखंड भारत संदेश



**मांडा।** राजस्व कर्मियों की कमी और शिथिलता के चलते मांडा थाने का समाधान दिवस पूरी तरह औपचारिकता बनी हुई थी। वही मेजा तहसील मुख्यालय पर लेखपालों की संख्या बढ़ने से समाधान दिवस में फरियादियों के प्रार्थना पत्रों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए निस्तारण किए जाने पर फरियादियों में पुनः समस्याओ के निस्तारण को लेकर आश जगने लगी है। 11अक्टूबर शनिवार को मांडा थाने पर आयोजित समाधान दिवस में सुबह नौ बजे से ही इंस्पेक्टर मांडा शैलेन्द्र सिंह बैठ गये। मेजा व कोरांव दो तहसील के 69 ग्राम पंचायतों के मामलों को निस्तारित करने के लिए दर्जनों लेखपाल समाधान दिवस में मौजूद रहे। दोपहर साढ़े बारह बजे नायब तहसीलदार यमुना प्रसाद वर्मा व कोरांव के भी नायब तहसीलदार समाधान दिवस में पहुंचे और कुछ देर बैठ कर फरियादियों में टिकरी गांव निवासी शोभ नाथ ने आरोप लगाया है कि गांव के दबंग लोग चकरोड़ कब्जा कर लिया है, हंडिया गांव निवासी राम धनी ने इंटरलाकिंग सड़क पर अवैध तरीके से सुरेश कुमार द्वारा कब्जा दखल व सेमरी गांव निवासिनी रजिया बेगम आरोप लगाया है कि की पट्टे की भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों की मौके पर पहुंच कर मामले का निस्तारण किया गया समाधान दिवस में चार प्रार्थना राजस्व संबंधी आया जिसमें तीन का निस्तारण कर दिया गया और पुलिस सम्बंधित तीन प्रार्थना पत्रों में एक गुमशुदगी, एक एनसीआर व एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया है। समाधान दिवस पर उप निरीक्षक कृष्णा नन्द राय, अमित नागर, निहाल गुप्ता के अलावा राजस्व टीम उपस्थित रही।

# उमरी तालुका पुरवा के छात्र जनपदीय ओलम्पियाड के लिए चयनित



ओलम्पियाड में सफल बच्चों के साथ शिक्षक और स्टाफ

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विकास खंड कौंधियारा के अंतर्गत बीआरसी पीढ़ी में आयोजित ओलम्पियाड प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय उमरी तालुका पुरवा के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनपदीय स्तर के लिए चयनित होकर विद्यालय और विकास खंड का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में कक्षा 6, 7 और 8 के छात्रों ने गणित, विज्ञान, अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान विषयों में अपनी प्रतिभा दिखाई। विषयवार मेरिट में अनन्या प्रजापति (कक्षा 6 अंग्रेजी) ने प्रथम स्थान, लाडो भारतीया और रिया यादव (कक्षा 7 अंग्रेजी) क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान, कीर्ति (कक्षा 8 अंग्रेजी) ने द्वितीय स्थान तथा सामान्य ज्ञान कक्षा 7 में लाडो भारतीया और रिया यादव ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिता के आयोजन में खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार अवस्थी का मार्गदर्शन और प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार ओझा तथा पूर्व एआरपी शत्रुघ्न प्रसाद शुक्ल का सहयोग सराहनीय रहा।

## मरम्मत और फाल्ट ने बिगाड़ी विद्युत व्यवस्था

**झूंसी।** फाल्ट और मरम्मत कार्यों के नाम पर हो रही अनियमित बिजली कटौती ने झूंसी वासियों और व्यापारियों का जीना मुहाल कर दिया है। आए दिन किसी न किसी गाँव या कस्बे में घंटों बिजली गुल रहने की वजह से लोगो को पानी के लिए परेशान होना पड़ता है। त्योहारी सीजन में व्यापारियों का धंधा चौपट हो रहा है। शनिवार की दोपहर आवास विकास कॉलोनी योजना-2, 3 के साथ-साथ चक हरिहरवन लीलापुर रोड पर विद्युत आपूर्ति घंटों बाधित रही। योजना-3 और लीलापुर रोड यहाँ बिजली विभाग द्वारा मरम्मत कार्य चलने की बात कही गई। वही योजना-2 में बिजली गुल होने का कारण फाल्ट बताया गया। अनियमित बिजली कटौती से कॉलोनी वासियों के साथ-साथ सबसे अधिक परेशानी स्थानीय व्यापारियों को हो रही है। व्यापारियों का कहना है कि त्योहारी समय में दिन में बिजली काट दी जाती है, जिससे दुकानों में अंधेरा पसर जाता है। एक स्थानीय व्यापारियों की माने तो दिन में बिजली कटने के कारण ग्राहक दुकान में आना पसंद नहीं करते। बिजली नहीं होने से काम रुका रहता है और व्यापार प्रभावित हो रहा है। घंटों तक बिजली गुल रहने से सबसे बड़ी समस्या पानी की आपूर्ति में आ रही है। लोगो ने विद्युत विभाग से अपील की है कि वे कटौती का एक निश्चित समय निर्धारित कर ताकि लोगों को असुविधा न हो।

# कलश यात्रा के साथ सिरियारी में शुरू हुई सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा

## हर हाल में खुश रहना संतों से सीखे भक्त : आचार्य श्री शंभू शरण जी महाराज

अखंड भारत संदेश



**पसना।** मेजा तहसील अंतर्गत सिरियारी गांव में आज से 17 अक्टूबर तक सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ हुआ। कथा का आयोजन श्री योगेश कुमार मिश्रा एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से हो रहा है। आज सुबह कलश यात्रा के साथ मंडप प्रवेश एवं बेदी पूजन के पश्चात दोपहर 2:00 बजे से कथा प्रारंभ हुई। प्रयागराज से पधारे आचार्य श्री शंभू शरण जी महाराज के श्रीमुख से कथा सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। आचार्य जी ने अपने कथा में श्रोताओं से कहा कि जो गुरु की शरण में रहता है वह साक्षात भगवत शरण में रहता है प्रभु जी कहते हैं कि मैं उस सेवक को सदा सदा के लिए अपना बना लेता हूं। उन्होंने सुंदर भजन के माध्यम से भक्तों का हर हाल में खुश रहने का आह्वान किया। कथा के आयोजक योगेश कुमार मिश्रा व अशोक कुमार मिश्र ने बताया कि हमारे पूज्य पिताजी स्वर्गीय ब्रह्मचारी मिश्रा की स्मृति में कथा की मुख्य यजमान श्रीमती उर्मिला देवी हैं।

आज की कथा के प्रमुख स्त्रोतों में छोटेलाल मिश्र राजेश मिश्रा देवी प्रसाद मिश्रा अर्पित विवेक राज मानस सौरभ एवं जगदीश प्रसाद आदि रहे। एडवोकेट अशोक कुमार मिश्रा ने समस्त ग्राम वासियों एवं क्षेत्र वासियों से अपील की है कि दिनांक 17 अक्टूबर तक अनवरत कथा भागीरथी का प्रवाह होगा जिसमें आप सब आमंत्रित हैं।

# चकमार्ग नवीन परती की भूमि पर अवैध कब्जा, बेदखली की कार्यवाही जारी

## ग्राम सभा अल्हवा तहसील कोरांव का मामला

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** तहसील कोरांव के ग्राम सभा अल्हवा में स्थिति ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा की मनाही के बावजूद जबरन निर्माण करने और चंकबंदी में नक्शा बढ़वा कर कृषि कार्य करने की शिकायत जिलाधिकारी से किए जाने पर तहसील अधिकारियों ने भू अत्याचारियों के विरुद्ध चेतावनियों पैमाईश के बावजूद कब्जा न छोड़ने पर बेदखली वाद दर्ज कर भूमि खाली किए जाने की नोटिस जारी की गई।

बता दें कि ग्राम सभा अलहवा में भूखंड संख्या 749 चकमार्ग तथा 1035 एवं नवीन परती की भूमि संख्या 755 पर अनाधिकृत कब्जा कर अवैध निर्माण कर लिया गया है साथ ही अविधिक रूप से वृक्ष लगाने के नाम पर पट्टा करा कर कृषि कार्य किए जाने की शिकायत पर एसडीएम कोरांव संदीप तिवारी के निर्देशन तथा तहसीलदार कोरांव विनोद कुमार बर्नवाल के आदेश पर नायब तहसीलदार बड़ोखर कोरांव रण विजय सिंह ने जांच परीक्षण के पश्चात धारा 67 की कार्यवाह 10 अक्तूबर ,2025 को एक कोटेदार लाल बहादुर पाल और पवन कुमार पाल तथा एक केंद्रीय कर्मचारी धर्म शंकर सिंह आदि के विरुद्ध की।

अवगत हों कि ग्राम पंचायत प्रधान भूमि प्रबंधक समिति अध्यक्ष अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे तथा समिति के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने उक्त भू अत्याचारियों को अवैध कब्जा से मना करते हुए खाली करने की चेतावनियां दी थी। किंतु उल्टा ग्राम प्रधान और राजस्व कर्मियों को ही तरह तरह की धमकियां देते रहे। जिस पर ग्राम प्रधान ने डीएम से शिकायत करी जिससे एसडीएम ने टीम गठित कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी।

**क्या है मामला**

ग्राम सभा अलहवा में पेट्रोल पंप के निकट चकमार्ग संख्या 749 पर अवैध कब्जा कर लिया गया था,पुलिस लेखपाल अगल बगल के लोग आवागमन में दिक्कत देख अवैध कब्जा खाली रखने की सलाह दी थी। किंतु अतिचारी एक सी आर पी एफ का कर्मचारी होने के नाते किसी की बात नहीं मानी ओर मार्ग पर शौचालय बनवा दिया।

इसी तरह नवीन परती की भूमि संख्या 755 पर वर्ष 2019 में तेरह विश्वा कीमती भूमि को अपने चक में मिला कर अवैध कब्जा के साथ साथ शो मोटो पौध रोपण के नाम बिना एल एम सी के प्रस्ताव हुए अपात्र होते हुए भी पट्टा करा लिया। निजी लाभ उठा कर कंटीले तार से घेर लिया।

इस बाबत ग्राम प्रधान ने जनता की शिकायत पर जिलाधिकारी न्यायालय में पट्टा निरस्तीकरण बाद दाखिल कर दिया। जिसकी सुनवाई एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रयागराज कोर्ट में हुई। कोर्ट ने उक्त पट्टे को अविधिक रूप से होने के कारण निरस्त कर दिया।

इसी तरह भूमि संख्या 1035 मुख्य चकमार्ग पर कोटेदार अल्हवा ने अवैध कब्जा कर निर्माण कर लिया, स्थलीय जांच के बाद तहसीलदार ने थाना कोरांव में मुकद्दमा भी दर्ज करा दिया। और उक्त भूमि पर मनरेगा से निर्मित हो रही सड़क को भी बाधित किया। जिससे सड़क अधूरी रह गई।

उक्त अत्याचारियों के विरुद्ध धारा 67 की कार्यवाही की गई। और भूमि से अवैध कब्जे खाली करने को कहा गया।

# करवा चौथ पर व्रती महिलाएं चंद्रदेव को अर्घ्य देकर पति की दीर्घायु होने की किया कामना





**सहसों।** क्षेत्र की सुहागिन व्रती महिलाएं करवा चौथ पर निराहार एवं निराजली व्रत रखकर भालचंद्र भगवान गणेश की पूजा, अर्चना एवं उपासना के पश्चात चंद्रोदय के समय चंद्रदेव को अर्घ्य देकर नवीन चलनी में निहारते हुए अपने पति परमेश्वर को देखकर भगवान गणेश एवं चंद्रदेव से पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य, सुखमय वैवाहिक जीवन, अखंड सौभाग्य एवं समृद्धि की कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात पति के हांथ जल ग्रहण कर व्रत को पूर्ण किया। इसी तरह सहसों सहित बसमहुआ, सिंगरामऊ, भोपतपुर, मेड़ुवा, चकिया घरहरा, बभकुइयां, जगबंधनपुर, मीरापुर, रामनाथ पट्टी, देवनहरी आदि गांवों में व्रती महिलाएं भोर से ही उठकर स्नान आदि के पश्चात पूजन, अर्चन कर व्रत को शुरू किया तथा शांम ढलने के बाद चंद्रोदय के समय अर्घ्य देकर चंद्रदेव को चलनी में निहारने के बाद सम्मुख अपने पति का चेहरा देखा और भगवान गणेश था चंद्रदेव से पति की दीघार्यु, अच्छे स्वास्थ्य, अखंड सौभाग्य एवं खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना करके आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात पति के हांथ जल एवं आहार ग्रहण कर व्रत का समापन किया।

# भण्डा की रामलीला में धू-धूकर जली सोने की लंका



**जंघई।** आदर्श रामलीला कमेटी भण्डा की रामलीला में शुक्रवार को सीता रावण-हनुमान सवांद व लंका दहन रामलीला का मंचन किया गया। रामदूत हनुमान जी द्वारा सीता माता की खोज, लंका दहन और रावण से संवाद सहित कई महत्वपूर्ण दृश्यों का मंचन किया गया। सुंदर लीला देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो गया। रामलीला मंचन की शुरूवात हनुमान जी के सीता माता की खोज में निकलने से हुई उन्होंने समुद्र पार किया और लंका पहुंचकर विभीषण से मुलाकात की इसके बाद हनुमान जी ने अशोक वाटिका को उजाड़ा और सीता माता से भेंट की लंका में हनुमान जी का रावण से संवाद हुआ। इस दौरान उन्होंने रावण के पुत्र अक्षय कुमार को मार गिराया मेघनाद ने हनुमान जी को शक्ति से बांधकर बंधक बना लिया और उन्हें रावण के समक्ष प्रस्तुत किया। रावण से संवाद के बाद हनुमान जी की पूंछ में आग लगा दी जाती है इसके जवाब में हनुमान जी ने पूरी लंका को जलाकर राख कर दिया। लंका दहन के बाद वे वापस वानर दल में पहुंचे और अपनी यात्रा का वृत्तांत सुनाया। शुक्रवार एवं शनिवार को मेले का आयोजन किया गया और रावण के पुतले को दहन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष परमेंद्र बहादुर सिंह, एमएलसी बृजेश सिंह प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष हुबलाल यादव, डायरेक्टर पन्नालाल शर्मा, व्यास रामकुमार सिंह, उप व्यास गोरेलाल शर्मा, कार्य संचालक रामचंद्र सिंह, कमलेश सिंह, मुन्ना सिंह, आलोक सिंह, गौरव? राजपूत, अवनीश कुमार सिंह, पप्पू गौड़ एवं पात्रों में कुंदन सिंह, सचिन सिंह, पोपट लाल यादव, सरोज सिंह, सर्वेश शर्मा, ओम प्रकाश सिंह, वीरभद्र सिंह, चंदन सिंह, अमन सिंह, हर्ष सिंह, आदर्श सिंह, गोविंद पाठक, गब्बर सिंह, अनुज सिंह, अंकुश सिंह, किशन दुबे, मोनू सिंह, अर्पण सिंह, सहज प्रताप सिंह, सचिन सिंह, राकेश सरोज, लकी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# अमन सिंह यादव ने सिल्वर मेडल जीत लहराया परचम

## मुश्किले वें सीढियां हैं जिससे सफलता की ऊंचाइयों पर चढ़ा जा सकता है: अंतरराष्ट्रीय पोलवाट खेल प्रशिक्षक घनश्याम यादव



**मऊआइमा।** खिलाड़ियों के इरादे और हौसले ही उसकी ताकत होती है अगर दुनिया में कुछ अलग करने की इच्छा हो तो अपने सपनों को खुली आंखों से देखने की जरूरत है। आपकी कमजोरी भी आपके इरादों के सामने आपकी काबिलियत बनकर आपके सामने आ जाती है। बस अपने सपनों को एक सही दिशा देने की जरूरत है। मऊआइमा के अमन सिंह यादव ने एक बार फिर 40 वें राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में सिल्वर पदक जीत न सिर्फ अपने घर परिवार का मान बढ़ाया बल्कि अमन की कामयाबी से कोच के साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया। अमन की सफलता पर पिता पृथ्वीपाल यादव, और माता उर्मिला देवी खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही है। मऊआइमा विकास खण्ड के शहवाजपुर सकरामऊ निवासी अमन सिंह यादव ने शुक्रवार को कालिंगा स्टेंडियम भुवनेश्वर ओडिशा में आयोजित हुई 40वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 प्रतियोगिता में अमन ने 4.60 मीटर ऊंची छलांग लगाकर मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए सिल्वर पदक अपने कब्जे में किया। जब इसकी खबर घर और गांव में पहुंची तो परिजनों के साथ गांव में खुशी की लहर दौड़ गयी।

अमन सिंह अपनी सफलता का श्रेय भोपाल स्थित तात्या टोपे स्टेडियम टी टी नगर में नियुक्त अंतर्राष्ट्रीय पोल वाट खेल प्रशिक्षक घनश्याम यादव को दिया। अमन सिंह की सफलता पर सांसद प्रवीण पटेल, विधायक गीता शास्त्री, पूर्व सांसद केसरी देवी पटेल, पूर्व सांसद धर्मराज सिंह एमएलसी सुरेंद्र चौधरी पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी जिला पंचायत सदस्य कमरुल हसन , भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान, आदि लोगों ने दूरभाष के माध्यम से बधाई दी।

# न्यूज झरोखा

## चांद को देखकर महिलाओं ने तोड़ा व्रत किया पति की लंबी उम्र की प्रार्थना



**जारी।** जारी बाजार शुक्रवार की शाम करवा चौथ पर क्षेत्र की महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए दिन भर निर्जला व्रत रखा शाम को पूजा अर्चना के बाद चांद देखने के बाद पति के हाथों पानी पीकर व्रत को तोड़ा। बताते चलें कि करवा चौथ त्यौहार पर दिनभर बाजार में महिलाओं द्वारा खरीदारी का दौर चलता रहा साड़ी गहना सहित सुहाग के सामानों की बिक्री जोरों पर रही पूरे दिन के निर्जला व्रत के बाद शाम को महिलाओं ने करवा की पूजा और अर्चना कर पति की लंबी उम्र की कामना के लिए चंद्र को अर्ध देने के बाद पति के हाथों पानी पीकर अपने व्रत को तोड़ कर ईश्वर से अपने पति की लंबी उम्र के लिए कामना की और अपने बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया ।

## युवा पीढ़ी के प्रयासों पर निर्भर विकसित राष्ट्र



**मऊआइमा।** नगर पंचायत मऊआइमा प्रांगण में शनिवार को माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के आह्वान पर विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व/गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पंचायत के विकसित प्रदेश को लेकर एक राजनैतिक,शिक्षाविद, चिकित्सक और प्रबुद्धजनों के संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।जिसमें आम जन मानस की उपस्थिति में विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व के संकल्प पर चर्चा एवं सुझाव आमंत्रित किए गए। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष नगर मनीष साहू के द्वारा किया गया।इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी मीनाक्षी चतुवेर्दी ,नगर पंचायत अध्यक्ष मो शोएब अंसारी, वरिष्ठ लिपिक हीरालाल, नगर पंचायत कर्मचारी मो० आजम, शिव कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर आशीष कपूर, भारत लाल, रखशान आरिफ, कुल्लू, जेबीडी आदि लोग मौजूद रहे।

## कंप्यूटर शिक्षा के प्रति छात्रों में बढ़ा उत्साह, चंद्रशेखर ग्रुप ऑफ एजुकेशन में एडीसीए परीक्षा शुरू



**शंकरगढ़।** डिजिटल युग में शिक्षा को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में चंद्रशेखर ग्रुप ऑफ एजुकेशन ने एक और कदम बढ़ाया है। शुक्रवार से शंकरगढ़ के शिक्षक नगर स्थित संस्थान में एडवांस डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन कोर्स की परीक्षा प्रारंभ हुई। यह परीक्षा 9 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है, जिसमें लगभग 150 छात्र-छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं।विद्यालय की प्रिंसिपल प्रतिमा श्रीवास्तव ने बताया कि बढ़ती प्रतिस्पर्धा के दौर में कंप्यूटर शिक्षा अब हर क्षेत्र की बुनियादी जरूरत बन चुकी है। उन्होंने कहा,आज के समय में बिना कंप्यूटर ज्ञान के सरकारी या निजी क्षेत्र में रोजगार की संभावना अधूरी है। इसलिए अधिक से अधिक छात्र कंप्यूटर शिक्षा से जुड़ें, यही हमारा उद्देश्य है।संस्थान के डायरेक्टर डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने परीक्षा में शामिल सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चंद्रशेखर आजाद ग्रुप ऑफ एजुकेशन ने क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परचम लहराया है। यहां के कई विद्यार्थी आज विभिन्न सरकारी और निजी संस्थानों में कार्यरत हैं।परीक्षा के दौरान कक्ष निरीक्षक अनन्या केसरवानी और आस्था गुप्ता मौजूद रहीं। वहीं कंप्यूटर शिक्षिका मुस्कान गुप्ता, तान्या सोनी, पुनेश्वर सिंह, अमित एवं अतुल सहित अन्य शिक्षकगण की उपस्थिति में परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

## गेरुआडीह में आपसी विवाद बना विकास में रोड़ा

**मांडा।** क्षेत्र के गेरुआडीह गांव में आपसी विवाद के चलते मात्र 100 मीटर रास्ते का वर्षों से निस्तारण नहीं हो सका है। ग्रामवासियों द्वारा बार-बार शिकायत करने के बावजूद न तो सड़क बन पाई और न ही जलजमाव से राहत मिल सकी है। गांव के निवासी सुशील सिंह और ओंकार सिंह ने जलजमाव की समस्या और सड़क निर्माण की मांग को लेकर ब्लॉक स्तर से लेकर डीएम, सीडीओ प्रयागराज तथा लखनऊ सचिवालय तक गुहार लगाई। जांच में अधिकारी गांव तक पहुँचे, लेकिन आपसी विवाद के चलते कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। ग्राम प्रधान धनंजय सिंह ने भी माना कि आपसी मतभेद सड़क निर्माण में बाधा बने हुए हैं। नतीजतन, आम रास्ता आज भी जलमग्न है और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## भक्त की भावना निर्गुण निराकार ब्रह्म को सगुन साकार बना देती है : पं निर्मल कुमार शुक्ल



**पसना।** वैसे तो वेदों पुराणों शास्त्रों में परमात्मा को निर्गुण निराकार कहा गया है।वेद कहते हैं वह अज अनादि अगोचर अगम्य जन्म मरण से रहित नाम और रूप से परे है। ब्रह्म का अर्थ है जो सबसे बृहद है मन बुद्धि की कल्पना से परे है किन्तु वही अव्यक्त परमात्मा भक्त की निश्छल भावना के वशीभूत होकर उनके इच्छा के अनुकूल शरीर धारण करके भक्त के सुख वर्धन के लिए अनेक प्रकार की लीला करने को विवश हो जाता है।पं अमरनाथ दूबे के आवास पर भागवत कथा के चतुर्थ दिवस मानस महारथी पं निर्मल कुमार शुक्ल ने विशाल श्रोता समुदाय को भाव विभोर करते हुए उक्त उद्गार व्यक्त किया।आप ने कहा कि भगवान कृष्ण ने यद्यपि माता देवकी के गर्भ से जन्म लिया किन्तु पुत्र सुख का आनंद तो नंद और यशोदा को प्रदान कि। यशोदा का तात्पर्य है जो दूसरे को यश प्रदान करे उसी तरह जो समाज को आनंद लुटाए उसे नंद कहते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से गोकुल का अर्थ होता है इंद्रियों का समूह गो याने इंद्रिय हमारी समस्त इन्द्रियां भगवान को समर्पित हो जाएं।नेत्र केवल उनका दर्शन करना चाहें वाणी केवल उनका गुणानुवाद करे हांथ गोविंद की सेवा और मन उनके चिंतन में तल्लीन हो जाए तो हमारा शरीर ही गोकुल बन जाएगा और इसमें कृष्ण का निवास हो जाएगा।गोपी का अर्थ भी यही होता है जिसकी गो याने इन्द्रियां कृष्ण का पान कर रही हों वह है गोपी।इन गोपियों ने बिना किसी साधन तपस्या के कृष्ण को अपना बना लिया। भगवान इनके आंगन के क्रीड़ा मृग बन गये ए कृष्ण को उठाएं तो उठें बैठाएं तो बैठें।बृज में भगवान कृष्ण का सारा क्रिया कलाप इन भाग्यशालिनी गोपियों को प्रसन्न करने के लिए ही होता हैं। जिस ब्रहम के संकेत मात्र से माया समस्त जगत को नचाती है वह अखिल भुवन का स्वामी इन गोपियों के तालियों की थाप पर ठुमक ठुमक कर नाचता है। उनके एक चुल्लू छांछ के लालच में नाच दिखाता है। इससे पूर्व महराज श्री ने गजेन्द्र मोक्ष की मार्मिक कथा सुना कर भाव विभोर कर दिया आज समुद्र मंथन मोहिनी अवतार मत्स्य अवतार वामन अवतार आदि कथाओं का विस्तृत वर्णन किया। कृष्ण जन्म की कथा के पूर्व रामावतार की चर्चा करते हुए शुक्ल जी ने कहा कि वैसे तो भागवत कृष्ण चरित्र प्रधान ग्रंथ है लेकिन कृष्ण के पहले वेद व्यास ने राम चरित का वर्णन किया। कृष्ण चरित्र इतना गूढ़ है की साधारण मनुष्य क्या ब्रह्मा की बुद्धि भी चकरा जाती है कृष्ण लीला में ब्रह्मा नारद और इंद्र भी भ्रमित हो जाते हैं इसी लिए पहले राम चरित सुनना चाहिए। राम चरित्र सुन कर उसे आत्मसात करके जब मनुष्य का चरित्र राम जैसा हो जाएगा तब उसे कृष्ण चरित्र में प्रवेश मिलेगा।पं संदीप उपाध्याय ने प्रातः कालीन सत्र में भागवत का धाराप्रवाह संस्कृत पाठ करते हुए सारा वातावरण भक्तिमय कर दिया।पं राकेश शुक्ल कर्मकांड विभाग का विधिवत निर्वहन कर रहे हैं।आज कथा में पं सूर्य निधान पांडेय कुंजन लाल मिश्र संतोष शुक्ला श्रीकांत तिवारी छोटे लाल यादव गंगा प्रसाद सिंह पटेल प्रकाश चन्द्र मिश्र आदि क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। पं अभय शंकर दूबे हृदय शंकर दूबे अमिय शंकर दूबे व अनिय शंकर दूबे तथा अमर नाथ जी दूबे की पुत्रियों सुधा त्रिपाठी सरला त्रिपाठी तरुणा त्रिपाठी संगीता त्रिपाठी और लक्ष्मी त्रिपाठी ने समस्त क्षेत्रीय धर्म प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में पधारकर कर कथामृत पान करने का आग्रह किया है।यह कथा गंगा दि 14 अक्टूबर तक प्रतिदिन दोपहर 2/30 से शाम 6 बजे तक प्रवाहित होगी।

# मण्डलायुक्त ने निर्माणाधीन सिक्स लेन ब्रिज का किया निरीक्षण

**मण्डलायुक्त ने पुल के निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराये जाने के दिए निर्देश**

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने मलाक हरहर से बेली तक बन रहे सिक्स लेन ब्रिज के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। मण्डलायुक्त ने कार्यदायी संस्था एसपीएस कंस्ट्रक्शन इंडिया, प्रा0लि0 को सिक्स लेन ब्रिज के निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा में अनिवार्य रूप से गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने मलाक हरहर से निमार्णाधीन पुल के नीचे से होते हुए गंगा जी की धारा के किनारे तक जाकर चल रहे निर्माण कार्यों को देखा और एक-एक कार्यों के बारे में सहायक अधिशाषी अभियंता सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय वरूण वार्ष्णेय से जानकारी प्राप्त की। अधिशासी अभियंता के द्वारा बताया गया कि ईपी-4 पिलर का निर्माण कार्य प्रगति पर है और समय से इसका निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। उनके द्वारा बताया गया कि पुल के निर्माण कार्य को पूरा करने का लक्ष्य जून-2026 निर्धारित किया गया है। मण्डलायुक्त ने पिलर के निर्माण कार्य के साथ पिलर के ऊपर बन रहे निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कार्यदायी संस्था को पिलर के साथ-साथ अन्य कार्यों को भी निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त ने निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने के लिए और क्या-क्या उपाय किए जा सकते है, इसके बारे में उन्होंने सेतु निगम एवं सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंताओं को स्थल का नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए जो भी और आवश्यक व्यवस्था की जा सकती है, उसके बारे में निर्माण करने वाली कार्यदायी संस्था को अवगत कराते हुए एवं उनसे समन्वय बनाते हुए निर्माण कार्य को समय से पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने मेला प्राधिकरण को भी नियमित रूप से पुल के निर्माण कार्य की मानीटरिंग करते हुए प्रगति की समीक्षा करते रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के लिए जो समयसीमा निर्धारित की गयी है, उसी समय सीमा के अन्तर्गत कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, इसके लिए यदि अतिरिक्त संसाधन की आवश्यकता हो, तो कार्यदायी संस्था उसको भी सुनिश्चित करते हुए कार्य को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित हो। मण्डलायुक्त ने सेगमेंट के निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी कार्यों को समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है।

इस अवसर पर नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा, अपर मेलाधिकारी दयानंद प्रसाद, उपजिलाधिकारी मेला विवेक शुक्ला, उपजिलाधिकारी अभिनव उपाध्याय, सेतु निगम, जल निगम एवं अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने माघ मेला की तैयारियों के सम्बंध में की बैठक



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को कैम्प कार्यालय में माघ मेला की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने माघ मेला के आयोजन हेतु कराये जाने वाले कार्यों से सम्बंधित प्रमुख विभागों के कार्यों की तैयारियों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पीडब्लूडी, विद्युत, सिंचाई, स्वास्थ्य, जल निगम तथा मेला प्राधिकरण के द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सभी सम्बन्धित विभागों को माघ मेला के दृष्टिगत कराये जाने वाले कार्यों हेतु टेण्डर इत्यादि की कार्यवाही के बारे में जानकारी ली, जिसपर सभी प्रमुख विभागों के द्वारा अवगत कराया गया कि इस माह के अंत तक टेण्डर की कार्यवाही सम्पन्न कर ली जायेगी तथा मेला से सम्बन्धित कार्यों को समय से पूर्ण कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को टेण्डर की कार्यवाही अनिवार्य रूप से समय से पूर्ण किए जाने हेतु निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने मेला प्राधिकरण के द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए मेला प्राधिकरण को जमीन के समतलीकरण सहित अन्य कार्यों से सम्बन्धित सभी कार्यवाही समय से पूर्ण किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने माघ मेला आयोजन से सम्बन्धित प्रमुख विभागों को कार्यों को समय से पूर्ण किए जाने हेतु सभी आवश्यक कार्यवाहियां शीघ्रता से सुनिश्चित किए जाने के लिए निर्देशित किया है। इस अवसर पर डीसीपी नगर, अपर जिलाधिकारी नजूल, उपजिलाधिकारी अभिनव पाठक सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सर्व वैश्य सभा में महासंघ भारत का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**प्रयागराज।** महासंघ भारत के स्थापना दिवस और राष्ट्रीय अध्यक्ष के पौत्र अयांश गुप्ता का जन्मदिन सर्व वैश्य सभा के तत्वावधान में वार्ड नंबर-33 स्थित प्रयागराज आवास पर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संगठन के सभी पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन बिहार राज्य के प्रदेश अध्यक्ष गरीबनाथ शाह की अध्यक्षता में किया गया, जबकि महिला अध्यक्ष राजकुमारी शास्त्री ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष अम्बिका प्रसाद गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि संगठन प्रधानमंत्री के जनकल्याणकारी निर्णयों का समर्थन करता है और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन देने के लिए मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सभी नागरिकों को मिलकर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने केक काटकर स्थापना दिवस और जन्मदिन का जश्न मनाया। इस अवसर पर राम ललन वर्मा एडवोकेट, मुकेश कुमार गुप्ता, बबली साहू, ऐश्वर्या केशरवानी एडवोकेट, बन्दना गुप्ता, अंजु गुप्ता, राजू अग्रवाल, त्रिभुवन सिंघल, राधेश्याम खंडेलवाल, दिलीप जायसवाल एडवोकेट, हरिकिशन अग्रहरी, मोहन लाल गुप्ता, रामखेलावन गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एमयूएनपीएल ने युवाओं के कौशल विकास हेतु सीपेट लखनऊ से एमओयू पर किया समझौता

**प्रशिक्षण का उद्देश्य आस पास के युवाओं को तकनीकी दक्षताओं से लैस कर स्वरोजगार एवं औद्योगिक क्षेत्र में बेहतर अवसर के लिए तैयार करना**




युवाओं के कौशल विकास हेतु सीपेट लखनऊ के साथ समझौता करते निगम के अधिकारी

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम (प्रा.) लिमिटेड ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कल्याणकारी पहल के रूप में परियोजना के आसपास स्थित सात ग्राम सभाओं से चयनित 130 युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीपेट), लखनऊ के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत चयनित युवाओं को उद्योगों की वर्तमान आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रोजगारोन्मुख तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में मशीन ऑपरेटर (प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग), मशीन ऑपरेटर (इंजेक्शन मोल्डिंग) तथा मशीन ऑपरेटर (टूल रूम) जैसे कौशल आधारित पाठ्यक्रम शामिल हैं। इन प्रशिक्षणों का उद्देश्य युवाओं को आधुनिक तकनीकी दक्षताओं से सुसज्जित कर उन्हें स्वरोजगार एवं औद्योगिक क्षेत्र में बेहतर अवसरों के लिए तैयार करना है। यह हस्ताक्षर समारोह मेजा ऊर्जा निगम के वरिष्ठ अधिकारियों अविजित चटर्जी, सीजीएम (तकनीकी सेवाएँ) एवं अमित रौतेला, सीएफओ (वित्त) की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर निगम की ओर से विवेक चंद्रा अपर महाप्रबंधक (मा.स.), अजय सिंह उप महाप्रबंधक (मा.स.), तथा सिपेट की ओर से कृष्ण प्रताप सिंह विभागाध्यक्ष (कौशल विकास) उपस्थित रहे।

# लखनपुर जल निगम का चेकवाल फटने से पेयजल के लिए मचा हाहाकार ग्रामीण परेशान

**अखंड भारत संदेश**



जल निगम से पानी की सप्लाई न होने से मौके पर पहुंचे ग्रामीण

**मेजा।** विकास खंड मेजा के लखनपुर गांव में जल निगम की टंकी लगी होने के बावजूद भी सभी आस पास के ग्रामीण वासियों को पीने के पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है लगभग चार से पांच दिन हो गए हैं पानी की समस्या बराबर बनी हुई है। इस मामले में अधिवक्ता व समाजसेवक मनीष द्विवेदी ने मौके पर जाकर जल निगम टंकी में देखा जहां पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है जल निगम में कोई भी कर्मचारी मौके पर मौजूद नहीं रहता है गांव के ही ग्राम वासी अधिवक्ता विश्वेष शुक्ला और मुन्ना गुप्ता मौके पर साथ में जलनिगम में गए। दो-तीन कर्मचारी काम पर लगे हुए थे। जांच करने पर पता चला है कि चार-पांच दिनों से चेकवाल फट जाने के कारण पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है इसके बाद तत्काल प्रभाव से मौके पर ही जेई जल निगम को फोन किया गया तो जेई साहब ने आश्वासन दिया है कि एक-दो दिन में पानी की सप्लाई चालू होने की संभावना है उनको यह भी बताया गया कि गांव में जगह जगह पाइपलाइन भी फट गई है आप इसको भी दुरुस्त करवाये। गौरतलब है कि जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति का मिलना एक सपना हो गया है लेकिन पंचायती राज विभाग के भ्रष्टाचार के कारण लोग पेयजल के लिए परेशान हो रहे हैं जल निगम द्वारा 40 साल से ग्रामीण क्षेत्रों में टंकी का निर्माण कराया गया था साथ नई पाइपलाइन भी बिछाई गई थी जल निगम के ठेकेदारों ने काम तो पूरा किया लेकिन पानी की पाइप जगह जगह टूट गई ठेकेदार ने कभी भी काम को सही नहीं कराया है जिसके कारण सभी जगह पानी बहता रहता है। लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। इस मौके पर बजरंग गुप्ता मुन्ना गुप्ता मिठाई लाल यादव बृजेश यादव मुकेश त्रिपाठी बृजेश त्रिपाठी ,सोनू पांडे, विपिन पांडे पुष्पेंद्र तिवारी, रंग बहादुर सेठ आदि उपस्थित ग्रामीण पानी की सप्लाई का बेसब्री से इंतजार कर रहे है ।

# हमारे वीर सैनिक देश की सुरक्षा के हैं असली प्रहरी : प्रेमशंकर सिंह



**मेजा।** मेरठ रोड स्थित शहीद स्मारक स्थल पर गुरुवार को आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में देश के वीर सैनिकों और शहीदों को नमन करते हुए उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने कहा कि देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले जवानों का सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि आजादी की रक्षा और देश की एकता को बनाए रखने में भारतीय सैनिकों ने हमेशा सर्वोपरि योगदान दिया है। हमें उनकी वीरता और बलिदान को सदैव स्मरण रखना चाहिए।

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने 1947 से लेकर अब तक अनेक बार देश की सीमाओं की रक्षा में अपने अदम्य साहस का परिचय दिया है। आज देश की सुरक्षा व्यवस्था इतनी मजबूत है कि हर भारतीय गर्व महसूस करता है। उन्होंने कहा कि सैनिक चाहे युद्धभूमि में हों या सीमा पर तैनात, उनका योगदान राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण है। समाज के हर वर्ग को सैनिकों और उनके परिवारों का सम्मान करना चाहिए क्योंकि उनकी वजह से ही हम चैन की नींद सो पाते हैं। कार्यक्रम में शहीदों के परिजनों को शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुई जिन्होंने वातावरण को भावनात्मक बना दिया। राज्यपाल ने कहा कि विद्यालयों में छात्रों को शहीदों की गाथाएं सुनाई जानी चाहिए ताकि उनमें देशभक्ति की भावना विकसित हो सके। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मौजूद रहे सैनिक संस्था के पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मेजा क्षेत्र के छतवा गांव के भाजपा नेता प्रेम शंकर सिंह ने कहा कि हमारे सैनिक देश की सुरक्षा के असली प्रहरी हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी नागरिकों को सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना रखनी चाहिए। शहीदों का बलिदान व्यर्थ न जाए, इसके लिए युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करना हमारी जिम्मेदारी है। प्रेम शंकर सिंह ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सैनिकों के गौरव को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। उन्होंने कहा कि सैनिक सम्मान केवल शब्दों में नहीं, बल्कि उनके परिवारों के कल्याण और पुनर्वास के रूप में भी दिखना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सैनिक संस्था की ओर से किया गया और उपस्थित जन समूह ने देशभक्ति नारों के साथ सैनिकों को नमन किया।

# मेजा खास की रामलीला में धनुष यज्ञ लीला का भव्य एवं दिव्य मंचन देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

**क्षेत्र के कई गणमान्य अतिथि गण श्रीराम और माता सीता के विवाह के बने साक्षी कहा मेजा खास की रामलीला परंपरा और कला के अदभुत संगम को है दर्शाती**

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** स्थानीय कस्बा मेजा खास की रामलीला में इस वर्ष धनुष यज्ञ की लीला का मंचन अत्यंत ही रोचक और दिव्य ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालु दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। गांव के प्रतिभाशाली कलाकारों ने अपने उत्कृष्ट अभिनय से इस पौराणिक प्रसंग को जीवंत कर दिया।

उल्लेखनीय है कि बीते 5 अक्टूबर से रामलीला कमेटी के निदेशक संजीव सिंह की कुशल अगुवाई में संचालित इस धार्मिक आयोजन में कलाकारों ने भव्य एवं सराहनीय प्रदर्शन किया है। इस दौरान वरिष्ठ कलाकार राधेश्याम चौरसिया ने अपना अनुभव साझा कर बताया कि धार्मिक आयोजन रामलीला में राजा जनक के किरदार में कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव और उपनिदेशक राम सुनील ने जहां अपनी अनोखी छाप छोड़ी वहीं लक्ष्मण के दमदार रोल में कमेटी के निदेशक संजीव सिंह स्वयं नजर आए, जबकि अपनी मृदुल वाणी और कोमल स्वभाव के लिए चर्चित धीरज मिश्रा ने माता सीता के दमदार किरदार का प्रदर्शन कर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसी क्रम में पेटराजा और करोड़ पतियां के हास्य रोल में कमेटी के संरक्षक तौलन प्रसाद व लालजी मिश्रा ने रामलीला ग्राउंड पर मौजूद दर्शकों को खूब आनंदित किया। वीररस से परिपूर्ण किरदारों में साधुराजा बालेश्वर सिंह, दुष्टराजा पिंटू सिंह, लंकेश रावण के अभिनय में सुधीर गुप्ता और बाणासुर का अभिनय कर रहे बीपी सिंह ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। कोड़ी राजा का अभिनय शुद्ध आदिवासी तथा बन्दीजन के रूप में कमेटी के उपनिदेशक मनीष श्रीवास्तव ने भूमिका निभाई। रामलीला मंचन में कई अन्य कलाकार मनोज शर्मा, उदयराज पाण्डेय, बब्लू शर्मा, अंकित शाहू प्रदीप पाल आदि ने भी अपना अपना भरपूर योगदान दिया है। गौरतलब है कि महाभारत के पांडवों से जुड़ी और ऐतिहासिक बोलननाथ शिवमंदिर धाम की पवन धरती पर आयोजित भगवान श्रीराम की लीलाओं को देखने के लिए क्षेत्र के कई गणमान्य माननीयों की भी मौजूदगी रही है। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्र,पूर्व प्रमुख जंगीलाल गुप्ता, डा बब्लू सोनकर, समाज कल्याण अधिकारी सुशांत पाण्डेय, क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि अजय यादव, समाजसेवी पंकज मोदनवाल, दिनेश पटेल, महगू कन्नौजिया, कैलाश नाथ गुप्ता (पूर्व रामलीला कमेटी अध्यक्ष) तथा कमेटी के पदाधिकारी और भारी संख्या में दर्शक ग्रामवासी भी उपस्थित रहे। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विक्रम सिंह (बंटी) ने उपस्थित सभी अतिथियों, कलाकारों, पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में पधारे श्रद्धालू दर्शकों का हृदय से आभार व्यक्त किया है। बता दें कि मेजा खास की यह रामलीला परंपरा और कला के अद्भुत संगम को जहां दर्शाती वहीं स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलता है और दर्शक भक्तिभाव से सराबोर होते हैं।

### जनपदीय ओलम्पियाड के लिए उमरी तालुका पुरवा के बच्चों का चयन

**प्रयागराज।** जनपद जमुनापार क्षेत्र। वि ख कौंधियारा के अंतर्गत भी आर सी पीढ़ी मे खण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार अवस्थी के कुशल नेतृत्व में विभिन्न तिथियों पर कक्षा 6, 7 और 8 के गणित, विज्ञान, अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान विषय आधारित ओलम्पियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत वि ख के सभी उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों के छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमे उच्च प्राथमिक विद्यालय उमरी तालुका पुरवा के बच्चों द्वारा विषयवार मेरिट मे स्थान बनाते हुए *अनन्या प्रजापति कक्षा 6 अंग्रेजी में प्रथम स्थान, लाडो भारतीया और रिया यादव कक्षा 7 अंग्रेजी मे क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान, कीर्ति कक्षा 8 अंग्रेजी मे द्वितीय स्थान, सामान्य ज्ञान कक्षा 7 मे पुनः लाडो भारतीया और रिया यादव ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान* प्राप्त करते हुए जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर विद्यालय ही नहीं विकास खंड का नाम रोशन किया है, विद्यालय के समस्त स्टाफ के साथ ही प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार ओझा और पूर्व एआरपी शत्रुघ्न प्रसाद शुक्ल का योगदान सराहनीय रहा

## न्यूज झरोखा

### एचआरआई के अंदर घुसा तेंदुआ, हड़कम्प, रात होने से सर्च ऑपरेशन रुका,



**झूंसी।** हरिश्चंद्र अनुसंधान केंद्र (एचआरआई) के अंदर तेंदुआ घुसने की सूचना पर हड़कंप मच गया है। पिछले दो महीने से बहादुरपुर के दर्जन भर गाँवों में दहशत फैला रहा यह तेंदुआ अब 50 एकड़ में फैले एचआरआई के जंगल में देखा गया है। शुक्रवार रात गार्डों ने वाच टावर से तेंदुए को बाउंड्री के पास घूमते हुए देखा, जिसके बाद मामले की जानकारी वन विभाग को दी गई और अंदर रहने वाले सभी लोगों को अलर्ट कर दिया है और बच्चों को घर के बाहर निकलने से मना किया गया है। रेंजर फूलपुर, लक्ष्मीकांत दुबे ने बताया कि रविवार को एचआरआई परिसर में सर्च ऑपरेशन शुरू किया जाएगा और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा। चर्चा है कि शुक्रवार की रात एचआरआई के अंदर वाच टावर से गार्ड निगरानी कर रहे थे। उन्होंने कुत्तों के जोर-जोर से भौंकने की आवाज सुनी। टार्च मारने पर एक तेंदुआ बाउंड्री के पास घूमता नजर आया। आदमी की आहट मिलते ही वह तुरंत झाड़ियों में छिप गया। गार्ड द्वारा सूचना दिए जाने के बाद सुबह वन विभाग की टीम आनन-फानन में मौके पर पहुंच हालांकि, वन कर्मियों को तेंदुआ नही दिखा पर उनका कहना था कि अब तेंदुआ एक सीमित क्षेत्र में आ गया है, जिससे उसे आसानी से पकड़ा जा सकेगा। बतादे की तेंदुआ दो माह पहले कोटवा कछार में दिखा था और तब से यह लीलापुर, ढोकरी, सुदनीपुर कला, जमुनीपुर सहित कई गाँवों में घूम रहा था। इस दौरान इसने दो लोगों और कई पालतू जानवरों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया है, जिससे ग्रामीणों में काफी दहशत है। ?

### रितु कुशवाहा बनी एक दिन की फाफामऊ थाना प्रभारी



**फाफामऊ।** मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय फाफामऊ की कक्षा 6 की छात्रा रितु कुशवाहा एक दिन के लिए फाफामऊ थाना प्रभारी का पदभार सौपा गया। कक्षा 6 में पढ़ने वाली रितु कुशवाहा को फाफामऊ थाने की जिम्मेदारी दी गई। पुलिस के सरकारी वाहन से एक दिन की थाना प्रभारी रितु कुशवाहा को थाना परिसर में लाया गया। थाना प्रभारी अश्वनी कुमार सिंह ने गुलदस्ता देकर थाना प्रभारी बनी छात्रा का स्वागत किया तथा छात्रा को कुर्सी पर बैठाया। इस मौके पर छात्रा ने थाने पर आए हुए फरियादियों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए मातहतों को निर्देशित किया। थाना प्रभारी की कुर्सी संभालने के बाद छात्रा ने बताया कि वह भी मेहनत करके पढ़ाई करके इसी प्रकार महिला अधिकारी बनना चाहती है। मिशन शक्ति के तहत एक दिन की थाना प्रभारी बनी रितु कुशवाहा ने थाना परिसर में मौजूद कर्मचारियों का ड्यूटी रजिस्टर चेक किया और अवकाश तालिका का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर उप निरीक्षक दामिनी सिंह, डाली रानी, किशोरी लाल प्रजापति, सोनू सिंह, दिनेश यादव,दिनेश शुक्ला आदि थाने के कई कर्मचारी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वारी मंडल में पथ संचालन कार्यक्रम संपन्न



**जंघई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर गंगापार जिले के प्रतापपुर खण्ड के वारी मंडल में विजयदशमी कार्यक्रम पथ संचलन कार्यक्रम में मड़वा से वारी तक किया गया। मड़वा तक स्वयंसेवकों के ऊपर पुष्प वर्षा के साथ निकाला गया कार्यक्रम के मुख्य वक्ता काशी प्रांत के सह मार्ग प्रमुख राजेश्वर सिंह लालबहादुर सिंह इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य ने बताया कि हिंदू समाज को संगठित करने के लिए संघ की स्थापना दशहरा के दिन 1925 में डा. केशव के द्वारा स्थापित किया गया। डॉक्टर हेडगेवार जी अंतिम क्षण में गुरु जी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने डाक्टर हेडगेवार जी से प्रश्न किया कि क्या भारत हिंदू राष्ट्र है तो डॉक्टर जी ने कहा कि हां भारत हिंदू राष्ट्र है। उन्होंने अपने जीवन के अंतिम क्षण में भी भारत को हिंदू राष्ट्र ही माना है। संघ अपने देश और समाज की निस्वार्थ भाव से सेवा करते हुए आज 100 वर्ष की यात्रा पूरी कर लिया है। इसी तरह से सेवा करते हुए संघ भारत माता को परम वैभव पर पहुंचाने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के अध्यक्ष हृदय नारायण मिश्र पूर्व प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में आए सभी स्वयंसेवकों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संजय जिला प्रचार प्रमुख, रमेश खण्ड कार्यवाह, रितेश सह खण्ड कार्यवाह, शेषमणि, हरिशंकर, अशोक जी, गंगा प्रसाद , सुधीर , बबलू सिंह, राजा मौर्य, प्रवीण, किशन आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### प्रथम पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व ब्लाक प्रमुख राधेश्याम पटेल, दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**उतरांव।** जनपद प्रयागराज सैदाबाद ब्लॉक के पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं भाजपा नेता ,महरुपुर, दूघरा गांव निवासी राधेश्याम पटेल का शनिवार को उनके प्रथम पुण्यतिथि पर याद कर उन्हें भावभीनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। उनकी पत्नी जय राजी, बेटे अंकित, बलवंत सहित परिवार के सदस्यों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पों की माला अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर अपना दल के प्रदेश सचिव अशोक पटेल सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एवं विभिन्न गांवो से आए संभ्रांत लोगों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें याद किया गया। इस मौके पर रामदुलार पटेल, जगत नारायण पटेल, अशोक कुमार, राम बहादुर सिंह, रामकुमार भारतीया, राम सजीवन पटेल, हीरालाल, लालजी पटेल, महेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, रोशन लाल, ज्ञान सिंह, राजाराम पटेल सहित दर्जनों की संख्या में श्रद्धांजलि समारोह में संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

### सीता ने लांघी लक्ष्मण रेखा, रावण ने किया हरण

**नैनी।** नैनी जन सेवा समिति रामलीला मे सूर्पनखा नक कटी, खर दूषण वध, स्वर्ण मृग एवं सीता हरण की लीला का अत्यंत सुन्दर मंचन हुआ। रामलीला व्यास दीनानाथ मिश्रा ने श्री रामचरितमानस की चौपाइयों के माध्यम से रामलीला को गति प्रदान की। सूर्पनखा राम लक्ष्मण को रिझाने में असफल होने पर अपना राक्षसी रूप प्रकट कर डराती है। लक्ष्मण उसकी नाक काट देते हैं। सूर्पनखा के भाई खर दूषण राम लक्ष्मण के हाथों मारे जाते हैं। अगले दृश्य में सीता जी के कहने पर राम स्वर्ण मृग रूपी मारीच के शिकार पर जाते हैं। मारीच मरते समय राम पुकारता है। सीता जी राम पर संकट अनुभव कर लक्ष्मण को भेजती हैं। लक्ष्मण उन्हें लक्ष्मण रेखा पार न करने की सलाह देते हैं परंतु सीता जी ब्राह्मण वेशधारी रावण को भिक्षा देने में लक्ष्मण रेखा पार करती है और रावण सीता जी का हरण कर लेता है। लक्ष्मण रेखा आज भी प्रासंगिक है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विनय सिंह, आर एल डी दुबे, हरि शंकर सिंह, सत्येन्द्र सोनकर, हरि बाबू सिंह, मीडिया प्रभारी आर के शुक्ला, शशि सिंह आदि रहे।

### गुमशुदगी सूचना



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कुमारी रौनक उम्र लगभग 16 वर्ष पुत्री गोविंद निवासी ग्राम महगांव थाना संदीपनघाट जनपद कौशांबी दिनांक 3 अप्रैल 2025 से गायब हो गई है काफी खोजने के बाद बालिका की जानकारी नहीं मिली है जिस किसी सज्जन को बालिका के बारे में जानकारी मिले वह संदीपन घाट थाना पुलिस को सूचना दे ।

**शशिकांत मिश्रा थाना प्रभारी संदीपन घाट जनपद कौशांबी मोबाइल नंबर- 9454405495**

### गुमशुदगी सूचना



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दुइजी उम्र 14 वर्ष पुत्री मेवा लाल रैदास निवासी काशिया पश्चिम थाना संदीपनघाट जनपद कौशांबी दिनांक 26 मार्च 2025 से गायब हो गई है खोजने के बाद जानकारी नहीं मिल रही है जिस किसी सज्जन को बालिका के बारे में जानकारी मिले वह संदीपन घाट थाना पुलिस को सूचना दें।

**शशिकांत मिश्रा थाना प्रभारी संदीपन घाट जनपद कौशांबी मोबाइल नंबर- 9454405495**

# धन-धान्य कृषि योजना व दलहन मिशन योजना का प्रधानमंत्री ने किया शुभारम्भ

## पशुपालन विभाग के 16 पशु मित्रो को वैक्सीन कार्य में सराहनीय योगदान हेतु किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश





**प्रतापगढ़।** नई दिल्ली में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना एवं दलहन मिशन योजना का शुभारम्भ किया गया। जिसका जनपद मुख्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र, समस्त विकास खण्ड मुख्यालय, समस्त ग्राम पंचायत भवन, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र, सहकारी समितियो, मण्डी समिति, एग्रीकल्चर मार्केट में सजीव प्रसारण कार्यक्रम आयोजित कराकर जनपद के कृषको एवं जनप्रतिनिधियो व अधिकारीध्कर्मचारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

जनपद स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन कृषि भवन सभागार में आयोजित किया गया जिसमें विधायक विश्वनाथगंज जीतलाल पटेल, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, सांसद प्रतिनिधि बी0एल पटेल, विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय मिश्रा एवं जनपद के कृषको व उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिकता विभाग के अधिकारियोध्कर्मचारियो द्वारा प्रतिभाग किया गया। उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव द्वारा सभी उपस्थित कृषको, अधिकारियो एवं जनप्रतिनिधियो का स्वागत किया गया तथा माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा शुभारम्भ की जा रही योजना के बारे में जानकारी दी गयी। यह भी अवगत कराया गया कि जनपद को प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना एवं दलहन मिशन योजना में सम्मिलित किया गया है। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र अवधेश सहित गोविन्द सरोज विकास खण्ड गौरा, रामसुमेर विकास खण्ड कालाकांकर द्वारा प्रतिभाग कर वहॉ से योजना के बारे में जानकारी की गयी तथा जनपद में स्थलो पर दृश्य श्रव्य संसाधनो के माध्यम से कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कराकर कृषको को मा0 प्रधानमंत्री जी के सम्बोधन को सुनावाकर योजना के बारे जानकारी प्रदान करायी गयी। इस अवसर पर विधायक विश्वनाथगंज व जिलाधिकारी द्वारा पशुपालन विभाग के 16 पशु मित्रो को वैक्सीन कार्य में सराहनीय योगदान करने पर प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मा0 विधायक विश्वनाथगंज द्वारा जनपद का उक्त योजना के संचालन हेतु चयन होने पर कृषको को बधाई दी गयी तथा कृषको से धान कटाई के उपरान्त फसल अवशेष न जलाने का अनुरोध भी किया गया।इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियो द्वारा कृषि भवन में मिलेट्सध्श्री अन्न के उपभोग प्रति लोगो को जानकारी प्रदान करने हेतु निर्मित मिलेट्स गैलरी का अवलोकन किया गया, जिसकी जिलाधिकारी द्वारा उप कृषि निदेशक की प्रशंसा भी की गयी तथा जनपद के कृषको से मिलेट्स के संबंध में जानकारी प्रदान कर उसे अपने आहार में अपनाने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक द्वारा कृषको को अवगत कराया गया कि जनपद में रबी फसल हेतु दलहनी तिलहनी बीजो की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है, जिसे किसान भाई 50 प्रतिशत अनुदान पर प्राप्त कर सकते है। इसके अतिरिक्त सरसो व अलसी बीज मिनीकिट का वितरण कृषि विभाग के पोर्टल के माध्यम से दिनांक 20.10.2025 तक ऑनलाइन बुकिंग कर किसान भाई निःशुल्क अपने विकास खण्ड के बीज भण्डार से प्राप्त कर सकते है।कार्यक्रम के उपरान्त विधायक विश्वनाथगंज एवं अन्य जनप्रतिनिधियो द्वारा जनपद के 100 कृषको को प्रदेश बाहर भ्रमण करने हेतु 02 बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। भ्रमण दल में जनपद के समस्त विकासखण्ड के कृषको द्वारा पंतनगर एवं भरतपुर राजस्थान में स्थित कृषि विश्व विद्यालयो में भ्रमण कर कृषि की नवीनतम तकनीकी जानकारी प्राप्त की जायेगी।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**पट्टी।** युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन युवक को लेकर सीएचसी आए। इलाज के दौरान युवक की हालत खराब देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में युवक ने दम तोड़ दिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के डेईडीह धौरहरा गांव निवासी हरिराम यादव का पुत्र मुकुंद यादव (25) बृहस्पतिवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी यह सब देख परिजन उसे आनन-फानन में पट्टी सीएचसी लेकर आए। जहां पर उसको भर्ती कराया गया, शुक्रवार की भोर में उसकी हालत बिगड़ने लगी।चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। शुक्रवार की देर शाम उसकी मौत हो गई। परिजनों की माने तो यह जानकारी नहीं है कि वह किस तरीके का जहरीला पदार्थ खाया है। बिना पीएम कराए परिजन युवक के शव को लेकर घर चले आए। युवक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने शुक्रवार की देर शाम युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। वही युवक की मौत से गांव में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं।

## अराजक तत्वों के खिलाफ फूटा बाजारवासियों का गुस्सा, किया प्रदर्शन



**पट्टी।** रेडीगारापुर बाजार में शुक्रवार की रात हुई मारपीट की घटना ने व्यापारियों में भय और गुस्सा दोनों भर दिया। शनिवार को सुबह बाजार बंद कर सैकड़ों व्यापारी रूर चैकी पहुंचे और अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शुक्रवार रात चाट-फुल्की विक्रेता लालमणि धुरिया से तीन युवकों ने झगड़ा किया और कट्टा सटाकर धमकी दी। घटना के बाद कुछ देर तक पूरे बाजार में अफरा-तफरी मची रही।

सुबह नौ बजे से बाजार के अधिकांश दुकानदारों ने दुकान पर ताला लगा दिया। तीरथ चैरसिया, खुर्शीद, सानू वर्मा, पप्पू सिंह, समर वर्मा सहित सैकड़ों लोग चैकी पहुंचकर न्याय की गुहार लगाने लगे। उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से बाजार में अराजक तत्वों की सक्रियता बढ़ गई है। कभी मारपीट, तो कभी छेड़खानी जैसी घटनाएं घट रही हैं। लोग डर के साए में व्यापार कर रहे हैं। बाजारवासियों ने मांग की कि दोषियों की गिरफ्तारी कर क्षेत्र में शांति बहाल की जाए। चैकी प्रभारी विजय यादव के आश्वासन पर बाजार के लोग चैकी से वापस लौटे। पुलिस लगातार बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरा को कंगाल रही है। इस संबंध में रुर चैकी प्रभारी विजय यादव से बात की गई तो उन्होंने कहा सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से आरोपियों की तलाश की जा रही है आरोपियों पर कठोरता से कार्रवाई की जाएगी।

# किसानी तथा खेती के साथ बद से बदतर बिजली व्यवस्था भाजपा शासित राज्यों की सबसे बड़ी नाकामी : प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश



**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भाजपा की सरकार में किसान नौजवान तथा युवाओं समेत हर तबके को निराशा हाथ लग रही है। उन्होने कहा कि भाजपा का किसानों की आय दोगुनी करने के बड़े बड़े दावे की असलियत इस समय खाद की कालाबाजारी से उजागर हो गयी है। उन्होने कहा कि सरकार में बैठे मंत्री और अधिकारी अपने पूंजीपति मित्रों की तिजोरी भरने के लिए किसानों को खाद नहीं उपलब्ध करा पा रहे हैं। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि किसानों को जब भी यूरिया की आवश्यकता होती है तो साधन सहकारी समितियों व सरकारी केन्द्रों से यह नदारद मिला करती है। उन्होने कहा कि किसानों को मजबूर होकर बढ़े दाम पर बाजार से कालाबाजारी की पीड़ा के साथ खाद लेनी पड़ती है। शनिवार को रांकी में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने किसानी तथा खेती के साथ बिजली के क्षेत्र में असफलताओं पर भाजपा सरकारों की जमकर घेराबंदी की। उन्होने कहा कि प्रदेश में मांग के अनुसार बिजली की आपूर्ति करने में भी भाजपा सरकार असफल हो रही है। उन्होने कहा कि आपूर्ति के तय रोस्टर में भी बिजली की आपूर्ति न होना आम आदमी के लिए तकलीफदेह है। उन्होने कहा कि छात्रों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ व्यापारी वर्ग का कारोबार भी बिजली संकट से अंधकारमय हो उठा है। उन्होने कहा कि ग्यारह साल में भाजपा के राज में दलित अधिकारी के उत्पीड़न की घटना संविधान में समता के अधिकार का खुला उल्लंघन है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकारी आंकड़े खुद बता रहे हैं कि भाजपा राज में दलित, महिलाओं, गरीब अल्पसंख्यक और अनुसूचित जाति का उत्पीड़न सर्वाधिक हुआ है। उन्होने रामपुरखास के लोगों को विधायक मोना के द्वारा संचालित विकास योजनाओं को समयबद्ध पूरा कराये जाने का भी भरोसा दिलाया। जनसभा की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू व संचालन गंगेश सिंह ने किया। इसके पहले राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी नसीरपुर के स्वतंत्रता सेनानी बृजेशचंद्र कौशिक इण्टर कालेज में हुए शैक्षिक महोत्सव में शामिल हुए। यहां उन्होने शैक्षिक परिवेश की मजबूती को लेकर विधायक मोना की ओर से शिक्षण कक्ष के लिए विधायक निधि से दो लाख रुपए की सौगात दिये जाने की घोषणा की। दीवानगंज में सांसद प्रमोद तिवारी श्यामशंकर पाण्डेय के संयोजन में आयोजित श्रीमदभागवत कथा में भी शामिल हुए। लालगंज बाजार में रवी जायसवाल के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में भी सांसद प्रमोद तिवारी ने व्यापारियों को कारोबारी के क्षेत्र में सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, आशीष उपाध्याय, दृगपाल यादव, पूर्व जिपंस महेन्द्र सिंह, राकेश सिंह, दिवाकर सिंह, डा0 इंद्रजीत सिंह, बृजेश सिंह, दशरथ कोरी, रामाधार कोरी, सुशील सिंह, आशुतोष मिश्र, आदि रहे।

# हन्दी विद्वान डॉ0 दुर्गा प्रसाद को समारोहपूर्वक समर्पित हुआ विद्याभिनन्दन, लोकार्पण

अखंड भारत संदेश




**लालगंज।** नगर के बाबूगंज रोड स्थित शिवराज पब्लिक स्कूल में शनिवार को स्थानीय बहुगुणा पीजी कालेज के पूर्व प्राचार्य एवं हिन्दी साहित्य विद्वान डॉ0 दुर्गा प्रसाद ओझा के कृतित्व व व्यक्तित्व को लेकर सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा, शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी एवं हिन्दुस्तानी एकेडमी के पूर्व अध्यक्ष डॉ0 उदय प्रताप सिंह ने अतिथियों के साथ प्रोफेसर ओझा के जीवन पर लिखे गये मान ग्रन्थ विद्याभिनन्दन का समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। शिवराज सामाजिक एवं शैक्षिक ट्रस्ट के तत्वाधान में सम्मान समारोह की अध्यक्षता प्रो0 उदय प्रताप सिंह ने करते हुए डॉ0 दुर्गा प्रसाद ओझा के लेखन तथा साहित्य सृजन की दक्षता व क्षमता को वर्तमान शैक्षिक परिवेश के लिए प्रेरक कहा। अति विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री प्रो0 शिवाकान्त ओझा ने कहा कि विद्याभिनन्दन मान ग्रन्थ से साहित्य एवं भाषा के क्षेत्र में नवरचनाकारों को प्रोत्साहन मिलेगा। विशिष्ट अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कहा कि एक आदर्श शिक्षक के कर्तव्य के साथ प्रोफेसर दुर्गा प्रसाद ने राष्ट्र भाषा को समृद्धि बनाने में अप्रतिम योगदान दिया है। इटावा पीजी कालेज के पूर्व प्राचार्य डॉ0 विद्याकान्त त्रिपाठी एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के पूर्व आचार्य प्रो0 हरिशंकर मिश्र, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो0 रामकिशोर शर्मा ने हिन्दी लेखन के साथ पाठयक्रमों के उच्चीकरण में भी डॉ0 दुर्गा प्रसाद ओझा के उल्लेखनीय योगदानों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बुद्धबिहार मुरादाबाद के साहित्यकार रामजन्म पाठक ने प्रो0 डीपी ओझा को काव्य सम्मान सौंपा। प्रारम्भ में साहित्यकार सुनील प्रभाकर ने विद्याभिनन्दन का विषय प्रवर्तन रखा। संचालन साहित्यकार दीपक रूहानी ने किया। पूर्व प्रधानाचार्या नीलम ओझा ने स्वागत भाषण तथा डॉ0 नलिनकान्त उपमन्यु ने आभार प्रदर्शन किया। संयोजन मण्डल के डॉ0 नागेन्द्र अनुज व लेफ्टिनेंट कर्नल पुलिनकांत ओझा, डॉ0 पूर्णिमा मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग पाठक, प्राचार्य डॉ0 ऋचासुकुमार ने डॉ0 डीपी ओझा को अंगवस्त्रम तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। सह संयोजक शिक्षक केशवराम ओझा, पूनम ओझा, अंजू पाण्डेय, निमिषा ओझा ने साहित्य एवं सामाजिक क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए वरिष्ठ साहित्यकार विशाल मूर्ति मिश्र, पूर्व प्रमुख रमेश प्रताप सिंह, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, पूर्व एसीएमओ डा0 आरएस त्रिपाठी, दयाराम मौर्य रत्न, आनन्दमोहन ओझा, रामकुमार ओझा, विकास मिश्र को शॉल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस मौके पर ज्ञानप्रकाश शुक्ल, प्रकाशचंद्र मिश्र, ओमप्रकाश पाण्डेय गुडडू, राजमूर्ति सिंह सौरभ, डॉ0 बच्चाबाबू वर्मा, प्रो0 राजकुमार पाण्डेय, प्रो0 श्यामबिहारी शुक्ल, डॉ0 शक्तिधरनाथ पाण्डेय, डॉ0 सौरभ मिश्र, इं. सुनील पाण्डेय, डॉ0 राजेन्द्र मिश्र, प्रो0 शिवशरण मिश्र, डॉ0 ज्ञानेन्द्रनाथ त्रिपाठी, नरेन्द्र नारायण तिवारी, परवाना प्रतापगढ़ी, राजकिशोर शुक्ल, राधेश्याम द्विवेदी, हरिदत्त तिवारी, जावेद अंसारी आदि रहे।

## युवती को पड़ोसियों ने पीटकर किया घायल



**पट्टी।** घर से किराना की दुकान पर सामान लेने जा रही युवती को रास्ते में रोक कर पड़ोसियों ने लाठी डंडों से मार-पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनघायल युवती को लेकर कोतवाली पहुंचे।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पट्टी खास कुंदनपुर गांव के रहने वाले कमलेश कुमार सरोज पुत्र छेदीलाल सरोज ने शनिवार की दोपहर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि उसके पड़ोसियों से पुरानी रंजिश चल रही थी। इस रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने मेरी बेटी खुशी 18 वर्ष को रास्ते में रोक कर मां बहन को गालियां देते हुए उसे लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिया।जानकारी होने पर पीड़ित ने घायल युवती को लेकर कोतवाली पहुंचा पुलिस घायल युवती का मेडिकल परीक्षण करते हुए प्रार्थना पत्र के आधार पर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## आमने-सामने टकराई बाइक, तीन घायल

**पट्टी।** इलाके के पट्टी चांदा मार्ग पर बीबीपुर नहर पुलिया पर ओवरटेक के दौरान बाइक सवार आपस में टकरा गए। दुर्घटना के दौरान तीन लोग घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी लाया गया है। इलाके के उपाध्याय पुर निवासी देवेंद्र तिवारी (48) अपनी बाइक से घर के लिए निकले। शाम 7 बजे करीब बीबीपुर नहर पुलिया के समीप चांदा की तरफ से आ रहे राजन प्रसाद तिवारी निवासी धूती थाना कंधई तथा उनके पीछे बैठे उदय शंकर पांडे निवासी सदहा बाइक ओवरटेक के दौरान सामने से आ रहे देवेंद्र की बाइक से टकरा गए। दुर्घटना के दौरान तीनों लोगों को गंभीर रूप से चोटें आई है। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया है, जहां इलाज चल रहा है।

# शून्य से शतक की ध्येय यात्रा है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ : रमेश

## स्वयंसेवकों ने धूमधाम से मनाया श्री विजयादशी उत्सव एवं निकाला पथ संचलन

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** भारत सदैव से विश्व गुरु रहा है और आज भी विश्व कल्याण के अनेक कार्यों में अपना योगदान दे रहा है। उक्त विचार शनिवार को नगर की दयानंद बस्ती में स्थित शहीद उद्यान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवको द्वारा संघ की सौ वर्ष की साधना पूर्ण होने पर मनाये जा रहे श्री विजया दशमी उत्सव के मौके पर बतौर मुख्य वक्ता काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश कुमार ने कहा।उन्होंने बताया कि कई कालखंड में देश को अलग करने के दौरान समझ में कई कुरीतियां आ गई थी।इन्ही कुरीतियों को दूर करने और हिंदू राष्ट्रं के स्वाभिमान को जगाएं रखने के उद्देश्य से डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने वर्ष 1925 में विजयादशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। रमेश ने बताया कि आज संघ विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन बन गया है। पूरे विश्व में आज संघ के प्रति श्रद्धा का भाव है। रमेश जी ने कहा कि आज भारत का प्रत्येक व्यक्ति हिंदूरू सहोदरा रूसर्वे न हिंदू पतितो भवेत के भाव के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शून्य से शतक की एक ध्येय यात्रा है और वह ध्येय है भारत को परम वैभव के शिखर पर प्रतिष्ठित करना। भारत को विश्व का सिरमौर बनाना। प्रांत प्रचारक ने कहा कि व्यक्ति, समाज और राष्ट्र निर्माण का ध्येय लेकर चले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर लिया हैं. संसार के सबसे विशाल और अनूठे संगठन की यह यात्रा त्याग, तपस्या, निःस्वार्थ सेवा और अनुशासन का प्रतीक है. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यह यात्रा कई चुनौतियों और विषम परिस्थितियों में सेवा, समर्पण और संकल्प के ध्येय पथ पर आगे बढ़ी है, यह आद्य सरसंघचालक परमपूज्य डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी का संकल्प और प्रत्येक स्वयंसेवक का समर्पण है कि आज पूरे विश्व में संघ का ध्वज लहरा रहा है। श्री विजयादशमी उत्सव का शुभारंभ प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश कुमार, जिला संघचालक चिंतामणि एवं डॉक्टर पीपी पांडेय द्वारा मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शस्त्र पूजन करके किया गया। इस मौके मुख्य रूप से जिला कार्यवाह हेमंत कुमार, नगर प्रचारक विवेकानंद, सह नगर कार्यवाह सुमित, नगर शारीरिक प्रमुख राज, सह जिला शारीरिक प्रमुख आशीष, घोष प्रमुख उमंग, बस्ती प्रमुख रामेंद्र, शाखा कार्यवाह सतीश, मुख्य शिक्षक अभय, रवीश, अजय पांडेय, राघवेन्द्र तिवारी, सर्वोत्तम, विभाग प्रचार प्रमुख प्रभाशंकर, विभाग कुटुंब प्रबोधन प्रमुख रघुवीर, जिला सह कुटुंब प्रबोधन प्रमुख प्रभात, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, भाजपा नेता शिव शंकर, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, ओम प्रकाश पांडेय, शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, अजीत सिंह, राहुल सिंह, रंगनाथ, डॉ जेपी वर्मा, मुन्ना सिंह, प्रिया त्रिपाठी, महेश गुप्ता, शिवेश, आशीष, भाजपा राकेश, अनुज, धर्मेंद्र सिंह, अशोक शर्मा, दिनेश ओझा, सौरभ पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# न्यूज झरोखा

### अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कराया गया पुलिस स्टेशन का भ्रमण, बच्चे देश के कर्णधार है उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए : क्षेत्राधिकारी पट्टी




**पट्टी।** बच्चे देश के कर्णधार है उन्हे आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। उक्त विचार पट्टी कोतवाली में प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 के तहत 03 से 11अक्टूबर तक मनाये जा रहे अंतर्राष्ट्रीय बालिका सप्ताह के क्रम में तरुण चेतना द्वारा संचालित बाल अधिकार परियोजना के बच्चों के एक्सपोजर विजिट के दौरान क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी ने कही। उन्होंने बच्चों को एफ आई आर प्रक्रिया, पॉक्सो एक्ट और बाल सुरक्षा के बारे में जानकारी दिया। बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्होने कहा कि आप अपने रुचि अनुसार तनावमुक्त पढ़ाई करे सफलता अवश्य मिलेगी। इसी क्रम में मिशन शक्ति प्रभारी उप निरीक्षक अर्चना ने बच्चों को साइबर क्राइम 1930, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 1090, पुलिस हेल्पलाइन 112 सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इसी क्रम में उपनिरीक्षक ज्योति ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर पुलिस द्वारा नियंत्रण और त्वरित कार्यवाही के बारे में जानकारी दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ उप निरीक्षक अनिल ने भी कविताओं के माध्यम से बच्चों का उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पट्टी अभिषेक कुमार सिरोही ने बच्चों को मिशन शक्ति केंद्र, बंदी गृह, व थाना परिसर का भ्रमण कराकर पुलिस द्वारा किए जा रहे अपराध नियंत्रण की भौतिक जानकारियां दी। तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने संस्था व परियोजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए गुड टच, बैड टच व बाल आधिकारों का हनन होने पर चुप्पी तोड़ने का आह्वान किया। कार्यकम में बाल अधिकार परियोजना के कोऑर्डिनेटर अच्छेलाल बिंद, हकीम अंसारी, शकुंतला देवी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन तरुण चेतना के उप निदेशक श्याम शंकर शुक्ल ने किया। इस अवसर पर लक्ष्मी,कामिनी, माही गुप्ता, साक्षी, आयरा अंजुम सहित सैंकड़ों बच्चों ने प्रतिभाग कर बाल आधिकारों की जानकारी लिया।

### कथा को लेकर कलश यात्रा में हुई पुष्पवर्षा, भगवान की महिमा का हुआ बखान



**लालगंज।** नगर में शनिवार को श्रीमदभागवत कथा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कथाव्यास राजगुरू पं0 माधवपति त्रिपाठी महराज की अगुवाई में कलश यात्रा में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किया। संयोजक एवं सेवानिवृत्त उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 पुरूषोत्तम शुक्ल व समाजसेविका दयावती शुक्ला के संयोजन में कलश यात्रा का शुभारंभ श्रीहनुमत निकेतन से हुआ। पुष्पवर्षा एवं अबीर गुलाल के साथ मगन भक्त कलश यात्रा में भगवान द्वारिकाधीश के जयघोष में मंत्रमुग्ध दिखे। कलश यात्रा कोतवाली के समीप परमानंद आश्रम मंदिर होते हुए जंगली वीर बाबा समेत विभिन्न देव स्थानों से सांगीपुर वार्ड स्थित कथास्थली पहुंची। कथाव्यास माधवपति त्रिपाठी जी ने कथा का शुभारंभ करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का गुणगान किया। उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की आराधना से जीवन के सभी पाप स्वतः धुल जाया करते हैं। संचालन अधिवक्ता जयकृष्ण शुक्ल ने किया। शिक्षिका रीतू शुक्ला, प्रियंका शुक्ला, गरिमा शुक्ला ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। सह संयोजक डा0 आशीष शुक्ल ने श्रद्धालुओं के साथ कथाव्यास को सम्मानित किया। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, विद्युत मिश्र, आचार्य विनोद मिश्र, इं. सुनील पाण्डेय, प्रेमशंकर तिवारी, सूर्य नारायण तिवारी, रमाशंकर तिवारी, आचार्य दिवाकर शुक्ल आदि रहे।

### अवैध पटाखों के साथ युवक गिरफ्तार




**प्रतापगढ़।** एसपी के निर्देश पर अवैध पटाखों व आतिशबाजी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार की देर शाम उदयपुर पुलिस को एक घर से अवैध पटाखों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल हुई। उदयपुर के उप निरीक्षक सत्यम तिवारी शुक्रवार की देर शाम पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर से कुम्भीआइमा में एक घर में पटाखों के अवैध कारोबार की सूचना मिली। पुलिस ने छापेमारी करके उस घर से करीब चार सौ पैकेट पटाखा, दो सौ पचास फायर पटाखा तथा बड़े पैमाने पर पटाखा निर्मित में प्रयोग होने वाली सामग्रियों की बरामदगी की। पुलिस ने मौके से पटाखा निर्माण करते आरोपी सलमान पुत्र स्व0 लल्लू को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गयी है।

# हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति ने भंडारे में पहुंचकर किया प्रसाद ग्रहण



**बेलखरनाथ धाम।** पट्टी तहसील क्षेत्र के तरदहा गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समाप्ति के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।इस दौरान कई जनपदों के न्यायिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के आयोजक तरदहा गांव निवासी विश्व दीपक तिवारी मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में जिला न्यायाधीश हैं।उनके यहां एक सप्ताह तक संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा आयोजन हुआ जिसका रसपान सदानंद आश्रम प्रयागराज से पधारे कथावाचक आचार्य राम शंकर शुक्ला ने उनके माता-पिता व श्रोताओं को कराया, जिसमें कुल गुरु अरुणेश तिवारी भी मौजूद रहे।भगवत कथा के भंडारे में शुक्रवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति नीरज त्रिपाठी, जिला जज प्रयागराज सत्य प्रकाश त्रिपाठी, प्रतापगढ़ के जिला जज राजीव कमल पांडेय, सुल्तानपुर जनपद के अपर जिला जज राकेश पाण्डेय, प्रयागराज अपर जिला जज अशोक सिंह, जज वरूण कौशिक व शान्तनु सिंह ने प्रसाद ग्रहण किया।इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक न्यायधीश विश्व दीपक तिवारी व उनके पिता सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक अभियोजन जयनाथ प्रसाद तिवारी ने आएं हुए सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पट्टी तहसीलदार पवन सिंह के अलावा भारी पुलिस फोर्स के मौजूद रहे।

### पत्रकारों हुए सम्मानित

श्रीमद्भागवत कथा के भंडारे में शामिल हुए ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष रंजन त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष रवींद्र मिश्रा तथा पट्टी तहसील अध्यक्ष बालेंदु भूषण पांडेय व नर्वदेश्वर संस्थान के अध्यक्ष अंकित पांडेय को आयोजक विश्व दीपक तिवारी ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

### जिले के अधिकारियों ने भी किया कथा का रसपान

पट्टी के तरदहा गांव में न्यायाधीश विश्व दीपक तिवारी द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में न्यायिक अधिकारियों के अलावा जिले के अधिकारियों ने भी कथा का रसपान किया। जिसमें जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, उपजिलाधिकारी पट्टी पूर्णेंदु मिश्रा एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज रघुवंशी सहित अन्य राजस्व, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी भी सम्मिलित हुए।इस दौरान उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के कई जनपदों के न्यायिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

# प्रेमी पति के साथ मेला देखने गई बालिका का 5 दिन बाद नदी में मिला शव

**एक महीने पहले बालिका ने अपने प्रेमी के साथ कोर्ट मैरिज से की थी शादी**

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** प्रयागराज जनपद के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के फुलवारी बाग माजरा गौसपुर कटहुला गांव निवासी रविता उम्र 20 वर्ष पुत्री किशन लाल 5 दिन पहले अपने पति के साथ झलवा का मेला देखने गई थी जहां से वह गायब हो गई थी आशंका जताई जा रही थी कि किसी के द्वारा बालिका का अपहरण कर लिया गया है लेकिन पुलिस बालिका को 5 दिनों तक खोज नहीं सकी। शनिवार को एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के गांजा गांव के पास ससुर खदेरी नदी में बालिका का क्षत विक्षत शव मिला है। चरवाहों ने नदी में बालिका का शव देखा तो मामले की सूचना गांव के लोगों को दी गई। बालिका का शव मिलने की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गई। एकत्रित लोगों द्वारा जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि मेला देखने गई बालिका को मेला से उठवाने के बाद बालिका की हत्या करके शव को नदी के पास ठिकाने लगाया गया था।

लोगों ने बताया कि पीपल गांव निवासी राकेश पुत्र छोटे लाल के साथ एक महीना पहले 7 सितम्बर को बालिका ने अपने प्रेमी के साथ कोर्ट मैरिज में शादी की थी। कोर्ट मैरिज शादी करने के बाद बालिका की मुसीबत बढ गई थी हालांकि कुछ भी हो बालिका का मेला से गायब होना और उसके बाद उसकी लाश मिलने से व्यवस्था पर तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि बालिका के मोबाइल की जाँच की जाए तो कब किससे बात होती थी यह तमाम सवाल बालिका के गायब होने के मामले में अहम सुराग साबित हो सकते हैं।



## गौमहिमा महोत्सव पर मूरतगंज में सैकड़ों महिलाओं ने निकाला भव्य कलश यात्रा

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** भरवारी नगर पालिका परिषद के अंतर्गत पक्का तालाब मूरतगंज के शिव मंदिर के पास गौ महिमा महोत्सव के आयोजन के उपलक्ष्य में शनिवार को विधि विधान से पूजन अर्चन करने के उपरांत कलश में मां गंगा का पवित्र जलभरकर सैकड़ों महिलाओं ने डीजे बाजा के साथ नाचते गाते झूमते प्रभु का जयकारा लगाते हुए सिर पर कलश रखकर भव्य कलश यात्रा मूरतगंज पक्का तालाब के शिव मंदिर से निकाला है प्रभु का जयकारा लगाते हुए यह कलश यात्रा मूरतगंज बाजार होते हुए वापस शिव मंदिर पहुंची कथा व्यास जगद्गुरु द्वाराचार्य अग्रमलूकर पीठाधीश्वर स्वामी श्री राजेंद्र दास देवाचार्य महाराज के परम कृपा पात्र पूज्य श्री रसराज दास जी महाराज श्रीधाम वृंदावन के मुखार बिंदु से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 12 अक्टूबर तीन बजे से प्रतिदिन आयोजित होगी जिसमें श्रीमद् भागवत कथा के महत्तम पर चर्चा होगी श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए मूरतगंज कस्बा के भक्त अति इच्छुक भाव विभोर है इस कार्यक्रम के मुख्य कार्यवाहक देवेश शुक्ला नरेश शुक्ला आदि रहे।

**गौमहिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में श्रीमद भागवत कथा का मूरतगंज पक्का तालाब के शिव मंदिर के पास होगा आयोजन**

## प्रेस क्लब कौशांबी इकाई सिराथू का चुनाव संपन्न



**● रवि कुमार वैश्य बने निर्विरोध अध्यक्ष, हिमांशु मिश्रा महामंत्री चुने गए**

**टेढ़ीमोड़ कौशांबी।** प्रेस क्लब कौशांबी की सिराथू इकाई का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव में अध्यक्ष पद पर रवि कुमार वैश्य तथा महामंत्री पद पर हिमांशु मिश्रा निर्विरोध चुने गए।चुनाव अधिकारी की देखरेख में संपन्न हुए इस निर्वाचन में सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से दोनों पदाधिकारियों का चयन किया। नए कार्यकाल के लिए जिले के वरिष्ठ पत्रकारों सहित विभिन्न मीडिया संगठनों के प्रतिनिधियों ने नव चयनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। पत्रकारों ने आशा व्यक्त की कि नई कार्यकारिणी पत्रकारों के हितों की रक्षा एवं क्षेत्र की पत्रकारिता को सशक्त बनाने की दिशा में सार्थक भूमिका निभाएगी।

## राजस्व अधिकारियों के ना पहुंचने से थाना समाधान दिवस केवल खाना पूर्ति दिवस बन कर रह गया

अखंड भारत संदेश



**कोखराज कौशाम्बी।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोखराज थाने में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया था समाधान दिवस में थानेदार ने फरियादियों की समस्याओं को सुना समाधान दिवस में राजस्व विभाग के किसी भी अधिकारी के ना उपस्थित होने से फरियादियों की जमीन संबंधित समस्याओं का समाधान नही हो सका जिससे थाना समाधान दिवस केवल खाना पूर्ति दिवस बन कर रह गया हैं राजस्व से सम्बंधित मामलों को एसओ कोखराज चन्द्र भूषण मौर्य ने सुना मौके पर 13 मामले आये जिसमें पत्थर गढ़ी के तीन मामलों को लेखपाल व पुलिस के साथ जा कर मौके पर निस्तारण कराया गया अन्य तीन मामले मौके पर निस्तारण कराया गया बाकी बचे मामलों में जांच कर कार्यवाही के लिए अधीनस्थों को निर्देशित किया गया इस मौके क्राइम इंस्पेक्टर विनय विक्रम सिंह, एसएसआई सन्तोष कुमार,हरीश तिवारी, सकील अहमद, शाह आलम व राजस्व कर्मचारी, कानून गो धर्मपाल लेखपाल शिव शंकर पाल, नरेंद्र सिंह, पवन सिंह, दिलीप कुमार, जगदीश यादव, सुनील द्विवेदी, अपर्णा श्रीवास्तव, अनुराधा वर्मा आदि लोगो की उपस्थिति में समाधान दिवस सम्पन्न हुआ।

### समाधान थाना दिवस पर समस्त थानों पर जनशिकायतो को सुना

**कौशांबी।** जिले में थाना समाधान दिवस के अवसर पर क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह द्वारा थाना मंझनपुर व थाना करारी में, क्षेत्राधिकारी चायल अभिषेक सिंह द्वारा थाना पिपरी में क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी जनेश्वर प्रसाद पाण्डेय व एसडीसीएम मंझनपुर एसपी वर्मा द्वारा थाना पश्चिम शरीरा में जनशिकायतों को सुनकर प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । साथ ही निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बन्धित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर जाकर प्रकरण का निस्तारण किया जाये, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना ना पड़ें व प्रकरणों का त्वरित व न्यायपूर्ण निस्तारण हो सकें जनपद में कुल 47 ( 29 भूमि विवाद व 18 अन्य विवाद पुलिस ) प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से 10 ( 02 भूमि विवाद व 08 अन्य विवाद पुलिस ) का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु टीमों का गठन कर मौके पर रवाना किया गया।


## न्यूज झरोखा

### मिशन शक्ति और पोषण अभियान का संयुक्त कार्यक्रम आयोजित



**कौशाम्बी।** बाल विकास परियोजना कार्यालय सरसंवा क्षेत्र अंतर्गत अन्धावां गांव के कम्पोजिट विद्यालय में शुक्रवार को मिशन शक्ति अभियान और पोषण पखवाड़ा का संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस मौके पर सीडीपीओ सरसंवा सतीश चन्द्र ने बताया कि, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के द्वारा कुपोषण की गंभीर समस्या से निजात दिलाने के लिए योजनाएं संचालित हैं। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा जमीनी स्तर कार्य किया जा रहा है। कोरोना काल के दौरान कार्यकत्रियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है। पीएम और सीएम ने इसीलिए इन्हें यशोदा मैया का दर्जा देकर सम्मानित किया है। कहा कि, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत प्रथम और द्वितीय बालिका शिशु के जन्म पर छह हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। महिला आरक्षी साक्षी और एसआई विजय कुमार के द्वारा महिलाओं की सहायता के लिए जारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई महिलाओं को किसी भी संकट के दौरान बिना किसी संकोच के हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने की अपील करने के लिए कहा इसके साथ महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर बनाने के लिए ग्राम विकास, स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बालविकास द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक फायदा उठाने के लिए जागरूक किया गया।इस मौके पर प्रेमा देवी, उषा रिंकी, बिट्टी, पुष्पा देवी आदि गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और आधा दर्जन धात्री महिलाओं के शिशुओं का अन्नप्राशन भी कराया गया।कार्यक्रम में शशि प्रभा, गिरजा, उर्मिला ,मंजू देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और पुलिस, स्वास्थ्य और ग्राम्य विकास विभाग के कार्मिक मौजूद रहे।

### एस ए जी एम कॉन्वेंट स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**कड़ा कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के गनपा स्थित एस ए जी एम कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें स्कूल के कक्षा 9 और कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निबंध प्रतियोगिता में शामिल बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन कर जहां विद्यालय का नाम रोशन किया वहीं उन्होंने अपनी प्रतिभा को लोगों के सामने प्रस्तुत किया इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के शैक्षणिक विकास में योगदान देना था। उप प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा विद्यालय के प्रबंधक जवाहरलाल ने कहा कि इस प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चों को अपने लेखन कौशल में सुधार करने और अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिला है इस प्रतियोगिता के मौके पर उपप्रधानाचार्य राम अवतार शिक्षक रंजीत राहुल पांडे,सुशील कुमार, मो कमर, जितेंद्र कुमार आदि ने प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित कर उनका हौसला बढ़ाया है।

### इंटर कॉलेज में नारी सशक्तिकरण का कार्यक्रम आयोजित



**हर्रयपुर कौशांबी।** एन डी कॉन्वेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर, मूरतगंज के प्रांगण में मिशन शक्ति के अंतर्गत नारी सशक्तिकरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर उप निरीक्षक अभिषेक कुमार यादव थाना संदीपनघाट ने विमेन पावर हेल्पलाइन1090, विमेन हेल्पलाइन 181, पुलिस आपात कालीन सेवा 112, साइबर हेल्पलाइन 1930 , मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 आदि के बारे जानकारी दी । साथ ही यह बताया कि पुलिस आपकी मित्र है किसी तरह की समस्या होने पर पुलिस का सहयोग लें डरे नहीं। इस मौके पर महिला आरक्षी थाने के स्टाफ प्रबंधक मिथिलेश सिंह यादव प्रधानाचार्य महेश कुमार उप प्रधानाचार्य रामनरेश यादव सहित समस्त स्टाफ व बच्चे उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुनने के लिए एकत्रित हुए सैकड़ो लोग



**कौशांबी।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा किसानों को 42 हजार करोड़ की कृषि परियोजनाओं का उपहार देने हेतु विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुनने के लिए गांव क्षेत्र के सैकड़ो लोग इकट्ठे हुए उद्बोधन सुनने के लिए कार्यक्रम स्थल पर टेंट कुर्सी लगाए गए थे मंच बनाए गए थे और जहां बड़ी से एलईडी लगाई गई थी जिसके जरिए लोगों ने प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुना। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य मीनू योगेश साहू डाक्टर अजय सिंह डाक्टर मनोज कुमार सिंह डाक्ट. आशीष कुमार श्रीवास्तव डाक्ट. जितेन्द्र प्रताप सिंह डाक्ट. अमित कुमार केशरी डाक्ट. शेष नारायण एवं डा. विनय धर शुक्ला सहित सम्मानित लोग मौजूद रहे।

### नाबालिग को भगा ले जाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र से 21दिसंबर 2024 को नाबालिग बालिका के लापता होने पर थाना सराय अकिल पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम मे थाना कोखराज पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त आशीष पुत्र बिन्देश्वरी निवासी कसिया पश्चिम थाना कोखराज को चाकवन चौराहे के पास से गिरफ्तार किया पीड़िता को सकुशल बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा हैं।

## पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने तीसरे वर्ष भी संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक पर जमाया कब्जा

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** प्रयागराज एवं कौशांबी के बॉर्डर पर स्थित पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज के छात्र छात्राओं खिलाड़ियों ने लगातार तीसरे वर्ष संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया साथ ही डॉ. रिजवी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित कौशांबी इंटर स्कूल ओलंपिक गेम में पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक वर्ग अप 19 में कोर्स पदक जीता विद्यालय के छात्र सुजीत कुमार ने 1500 मीटर बालक वर्ग में स्वर्ण पदक निधि यादव ने 800 मीटर में कास्य पदक 3000 मीटर में रजत पदक भाला फेक में सुजीत कुमार व निधि ने भी कास्य पदक प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में आर्यन कुमार ने जनपद रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया तथा संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में लगातार तीसरे वर्ष अन्डर 19 वर्ष आयु में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया जनपद स्तरी खो-खो प्रतियोगिता में कास्य पदक प्राप्त किया। विद्यालय खो-खो खिलाड़ी करन दिवाकर व अर्जुन दिवाकर का चयन मंडल स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए किया गया। 08/10/2025 व 09/10/2025 को आयोजित 69 वी नगर उत्तर संभाग एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने भव्य श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण पदक, 8 रजत पदक सहित अभार पदक पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज के छात्र छात्राओं ने प्राप्त किया। यह उपरोक्त भव्य जीत का समाचार जैसे विद्यालय पहुंचा पूरा विद्यालय परिवार खुशी से झूम उठा और जीत के भाव से भर गया उक्त समाचार जैसे ही विद्यालय के प्रबंधक एवं पूर्व सदस्य नार्दन रेलवे बोर्ड भारत सरकार डॉ प्रभु शंकर शुक्ला को ज्ञात हुआ व डिप्टी डायरेक्टर प्रहस्त शुक्ला को ज्ञात हुआ सभी विजेताओं को बधाई दी और कहा कि यह जीत बच्चों की कड़ी मेहनत एवं लगन का प्रतिफल है तथा खेल प्रशिक्षक जगदीश मौर्य को भी बधाई दी इस मौके पर प्रधानाचार्या ममता जायसवाल, मंजू दीक्षित, जयंत पाण्डेय, सविता प्रजापति निर्मला पाण्डेय, मंजीत सिंह, प्रिया शर्मा, माला पटेल आदि शिक्षकगण मौजूद रहे।

## मां की हत्या करने वाले बेटे के बाद दूसरा अभियुक्त भी गिरफ्तार

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में 9 अक्टूबर को शीला देवी पत्नी स्व0 शिव गनेश निवासिनी कधवनिया थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को उसके लड़का किशन किशोर उर्फ बीरू ने अपने साथी के साथ हत्या कर दी तथा शव को फंदे से लटका दिया एवं मौके से फरार हो गया महिला के भाई की तहरीर पर थाना मंझनपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ घटना में शामिल एक अभियुक्त मृतक महिला का बेटा किशन किशोर ऊर्फ बीरू पुत्र स्व शिवगनेश निवासी कधवनिया थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को दिनांक 10.10.2025 को गिरफ्तार किया गया घटना में शामिल अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा थाना मंझनपुर को निर्देशित किया गया था। उपरोक्त क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 11.10.2025 को सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों की मदद से मुखबिर की सटीक सूचना पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विनोद कुमार लोधी पुत्र चन्द्रसेन निवासी शिवरतन का पुरवा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार किया गया है विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा हैं।

### नाबालिग से दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र से 9 अक्टूबर को नाबालिग बालिका को बहला फुसला कर बिरजू भगा ले गया थाना सराय अकिल पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ तथा विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों व पीड़िता के बयान के आधार पर धारा 65(1) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट की बढोत्तरी किया गया उपरोक्त क्रम मे थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर खास की सटीक सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त बिरजू लाल पुत्र देवराज सरोज निवासी बिरनेर थाना सराय अकिल को सुरसैनी गांव के पास से गिरफ्तार किया गया पीड़िता को सकुशल बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही हैं विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा हैं।

## पटाखा मार्केट का अधिकारियों ने किया स्थलीय निरीक्षण साइबर कैफे संचालकों के साथ बैठक

**कौशांबी।** आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली एवं गोवर्धन पूजा के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह द्वारा उपजिलाधिकारी मंझनपुर एसपी वर्मा व एफएसओ मंझनपुर के साथ थाना मंझनपुर क्षेत्रांतर्गत लगने वाली पटाखा मार्केट का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह द्वारा थाना करारी पर थाना क्षेत्रांतर्गत संचालित साइबर कैफे संचालकों के साथ बैठक की गई।इस दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन ठगी के तरीकों, एवं आई.जी.आर.एस. पोर्टल की कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।सभी साइबर कैफे संचालकों को यह निर्देशित किया गया कि वे अपने प्रतिष्ठान में आने वाले व्यक्तियों का उचित सत्यापन कर ही ऑनलाइन कार्य करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

### नाबालिग को बहला फुसला कर भगा ले जाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र से 9 अक्टूबर को महेन्द्र एक नाबालिग बालिका को बहला फुसला कर भगा ले गया थाना सराय अकिल पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम मे थाना कोखराज पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त महेन्द्र पुत्र श्रीलाल निवासी बघेलापुर थाना कोखराज को मूरतगंज से गिरफ्तार किया गया पीड़िता को सकुशल बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही हैं विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा हैं।

## सूर्पनखा नककटी, खर दूषण वध, सीता हरण का अझुवा राम लीला में हुआ मंचन

**झूलों, लाइट सजावट,मधुर मेला संगीतों से गूंजा नगर पंचायत**

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा का दशहरा मेला प्रथम दिन पूर्ण रूप से अपने शबाब पर आ रहा है शनिवार शाम से नगर पंचायत में मेला की गहमा गहमी शुरू हो गई पुरानी मंडी में आकर्षक झूलों की कतार देखने को मिली है,सब्जी मंडी की आकर्षक लाइट सजावट ,टेंडरी मोड के पास क्रॉकरी बर्तनों के दुकानदार ,विभिन्न प्रकार के खाद्य सामग्री पिज्जा, चाउमीन, बर्गर की दुकानें, सिविल लाइन (टांडा मार्ग) में गहमा गहमी बढ़ गई ।पुलिस प्रशासन मेला क्षेत्र में पूर्ण सक्रिय हो गया। आदर्श नगर पंचायत अझुवा गांधी चबूतरे मैदान पर रामलीला कलाकारों ने बीती शुक्रवार रात्रि को सूर्पनखा नककटी,खर दूषण वध,सीताहरण प्रसंग का मंचन किया जिसे देखने के लिए पुरुष बच्चे महिलाओं का हुजूम उमड़ पड़ा रामलीला कथानक के अनुसार वनवास के अंतिम वर्षों में श्री राम लक्ष्मण और सीता दंडक वन में गोदावरी नदी के किनारे पंचवटी स्थान पर अपने रहने के लिए कुटिया बनाते हैं और वहीं पर अपने वनवास का बाकी समय बिताते हैं श्री राम जब अपने आंगन में बैठे ध्यान कर रहे थे शूर्पणखा नामक राक्षसी वहां पर आती है जो वास्तव में लंका पति रावण की बहन थी सूर्पनखा ध्यान में बैठे श्री राम के सुंदर स्वरूप को देखकर उन पर मोहित हो जाती है वह एक सुंदर रूपवती नारी का रूप धारण करके श्री राम के पास पहुंचकर उनसे विवाह का प्रस्ताव रखती है तब श्री राम बड़े ही विनम्र भाव से उसके प्रस्ताव को अस्वीकार कर देते हैं श्री राम स्वयं विवाहित होने की बात कहकर उसे लक्ष्मण के पास भेज देते हैं जब लक्ष्मण भी उससे विवाह करने से मना कर देते हैं तो वह राक्षसी का रूप धारण कर अत्यंत क्रोधवेश में देवी सीता को मारने के लिए आगे बढ़ती है तब भगवान श्री राम सीता की रक्षा करने के लिए लक्ष्मण को इशारा करते हैं इशारा पाकर लक्ष्मण तलवार से सूर्पनखा की नाक कान काट देते हैं नाक काटने के बाद रोती हुई सूर्पनखा परम बलवान खर दूषण के पास पहुंचती है और अपनी व्यथा सुनाते हुए तपस्वी राम और लक्ष्मण को मारने एवं सीता को अपने पास रखने की प्रलोभन देती है खर दूषण अपनी बहन सूर्पनखा के अपमान का बदला लेने के लिए श्री राम से युद्ध करते हैं युद्ध में खर दूषण दोनों मारे जाते हैं अब तो सूर्पनखा आक्रोशित हो जाती है और अपने भाई लंकेश रावण के पास अपनी व्यथा दिखाने जाती है खर दूषण की मौत पर अचंभित होते हुए रावण साधु का वेश धारण कर सीता का हरण कर ले जाता है इस मौके पर रामलीला कमेटी के आशीष मोदनवाल विपिन मोदनवाल सौरभ केसरवानी मंजू केशरवानी छोटकू केसरवानी राजू केसरवानी सहित तमाम संभ्रांत लोग रहे।

## सम्पादकीय

# कमार आदिवासियों की आजीविका

कमार, विशेष पिछड़ी जनजाति में से एक हैं। जो अब भी उनकी पारंपरिक जीवनशैली के लिए जाने जाते हैं। यह आदिवासी गरियाबंद, छुरा और मैनपुर इलाके में पाए जाते हैं। इनका प्रकृति से गहरा जुड़ाव है और उसी पर इनकी आजीविका निर्भर है। जंगलों में कई तरह के कंद, चार, तेंदू, आंवला, महुआ और कई तरह की हरी भाजियां होती हैं। इसके अलावा वे बांस के बर्तन बनाते हैं और बेचते हैं। कुछ समय पहले मुझे छत्तीसगढ़ के राजिम-नवापारा में जाने का मौका मिला। वहां मैंने सामाजिक कार्यकर्ता रामगुलाम सिन्हा से मुलाकात की। उन्होंने मुझे उनकी प्रेरक संस्था के क्षेत्र घुमाया और उनके काम को दिखाया। वे गरियाबंद के कमार आदिवासियों के बीच में लम्बे समय से काम कर रहे हैं। इस कॉलम में उनके काम की चर्चा करेंगे, जिससे यह समझा जा सके कि अगर किसी इलाके में लगातार काम किया जाए तो सामाजिक बदलाव संभव है।

कमार, विशेष पिछड़ी जनजाति में से एक हैं। जो अब भी उनकी पारंपरिक जीवनशैली के लिए जाने जाते हैं। यह आदिवासी गरियाबंद, छुरा और मैनपुर इलाके में पाए जाते हैं। इनका प्रकृति से गहरा जुड़ाव है और उसी पर इनकी आजीविका निर्भर है। जंगलों में कई तरह के कंद, चार, तेंदू, आंवला, महुआ और कई तरह की हरी भाजियां होती हैं। इसके अलावा वे बांस के बर्तन बनाते हैं और बेचते हैं। गरियाबंद, पूर्व में रायपुर जिले का हिस्सा था, अब स्वतंत्र जिला बन गया है। रामगुलाम सिन्हा स्वयं इसी इलाके के एक गांव के रहने वाले हैं। बचपन से उन्होंने इस इलाके को करीब से देखा है और इसी ने उन्हें समाज कार्य के लिए प्रेरित किया है। मैं उनसे 90 के दशक की शुरूआत से परिचित हूं, पर उनके काम को देखने का मौका कुछ समय पहले ही मिला। गरियाबंद से लगे भिलाई गांव हमने उनके वसुंधरा केन्द्र को देखा, जहां देसी बीजों का संरक्षण व संवर्धन किया जाता है। उनके गुणधर्मों को पहचाना जाता है। प्रेरक संस्था ने यहां देसी बीजों के संरक्षण व संवर्धन के लिए विशेष प्रयास किए हैं। संस्था के भिलाई गांव स्थित वसुंधरा केन्द्र में 350 देसी धान की किस्मों का संग्रह है। जिसमें लाल चावल, काले चावल और एक हरे चावल की किस्म है। इसके अलावा, इन किस्मों में कम पानी में पकने वाली, ज्यादा पानी में पकनेवाली, लंबी अवधि की माई धान, कम अवधि की हरूना धान इत्यादि शामिल हैं। इन किस्मों में जवाफूल, विष्णुभोग, बादशाह भोग, सोनामासुरी, पोरासटका, साठिया, लायचा, डाबर, दूबराज, मासुरी इत्यादि है। इनमें कई किस्मों में औषधि गुण भी हैं। सुगंधित किस्में भी हैं। जो परंपरागत देसी बीज लुप्त हो रहे हैं, यहां उनके संरक्षण और संवर्धन का काम किया जा रहा है। देसी धान की किस्मों में लोहादी, मासूरी, विष्णुभोग, श्यामभोग, लाल चावल, काला चावल जैसी कई विशेष गुणों वाली किस्में शामिल हैं। इसके अलावा, उड़द, मूंग, तिवरा, झुरगा और अरहर जैसी कई अनाजों की किस्में हैं। इसके अलावा, वे धान की रोपाई मेडागास्कर पद्धति से करते हैं। इस पद्धति में खेतों में पानी भरने की जरूरत नहीं होती और बीज भी कम लगता है।

# अंकुरम गर्भ में संस्कार की पाठशाला का अनूठा अभियान

**- ललित गर्ग -**

**मानव** जीवन की सबसे गहरी जड़ें गर्भ में होती हैं। यह वह प्रथम और सबसे पवित्र पाठशाला है जहाँ न केवल शरीर, बल्कि मनुष्य की चेतना, मूल्य और विचार भी आकार लेते हैं। इस गहन सत्य को आचार्य श्री महाश्रमण की पावन उपस्थिति में अहमदाबाद के कोबा स्थित तेरापंथ सभा भवन में शुरू की गई एक ऐतिहासिक पहल में जीवंत अभिव्यक्ति मिली। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल ने एक प्रेरक अभियान - ह्यअंकुरम गर्भ संस्कारः भावी जीवन की नींवह्न का उद्घाटन किया। श्री पंकज मोदी की गरिमामयी उपस्थिति ने इस अवसर की पवित्रता और सौहार्द को और बढ़ा दिया। इस संपूर्ण परियोजना की परिकल्पना आचार्य श्री महाश्रमण की है, जिन्होंने अपने प्रवचन में इस बात पर जोर दिया कि गर्भ केवल भौतिक सृजन का केंद्र नहीं है; यह मानसिक और आध्यात्मिक मूल्यों का उद्गम है। यदि माता का मन शांत, शुद्ध और सकारात्मक है, तो वही स्पंदन शिशु के संस्कार बन जाते हैं और उसके जीवन को आकार देते हैं। उन्होंने कहा कि अंकुरम गर्भ संस्कार आंदोलन इस पवित्र दर्शन पर आधारित एक उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम है ह्व अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती सुमन नाहटा के नेतृत्व में, इस अभियान का उद्देश्य मातृत्व को एक नई दिशा देना है। उनके शब्दों में, एक माँ केवल एक जीवन का निर्माण नहीं करती - वह एक युग का निर्माण करती है। उसके विचार, भावनाएँ और कर्म आने वाली पीढ़ियों की दिशा निर्धारित करते हैं। मातृत्व के आध्यात्मिक अनुशासन के माध्यम से, हम सद्गुणों के बीज बोते हैं। अंकुरम एक मूल्य-उन्मुख आंदोलन है जो गर्भ से ही करुणा, शांति, संयम और सकारात्मकता का पोषण करने का प्रयास करता है। यह पहल मातृत्व को एक आध्यात्मिक साधना में बदल देती है, जहाँ प्रत्येक माँ भावना, प्रार्थना, संगीत, ध्यान और प्रेम के माध्यम से अपने अजन्मे बच्चे से जुड़ती है।

भारतीय परंपरा में, गर्भावस्था को कभी भी केवल एक जैविक प्रक्रिया के रूप में नहीं, बल्कि एक पवित्र आध्यात्मिक तपस्या के रूप में देखा गया है। यह लंबे समय से माना जाता रहा है कि बच्चे का चरित्र निर्माण जन्म के समय नहीं, बल्कि गभार्धान के क्षण से ही शुरू हो जाता है। माँ का गर्भ जीवन की प्रथम पाठशाला है। व्यास, चरक, सुश्रुत और मनु जैसे प्राचीन ऋषियों और उपनिषदों ने गर्भावस्था के दौरान की स्थितियों के महत्व पर बल दिया है। गर्भ संस्कार का शाब्दिक अर्थ है, गर्भस्थ शिशु के शरीर, मन और आत्मा का शुद्ध, सकारात्मक और रचनात्मक ऊर्जा से पोषण करना। गर्भ उपनिषद में कहा गया है कि गर्भवती स्त्री के भाव, विचार, आहार और वातावरण शिशु के मानसिक और भावनात्मक विकास को सीधे प्रभावित करते हैं। इसलिए, उसे ह्यचेतन रचनाकारह्न कहा गया है। महाभारत में इसके ज्वलंत उदाहरण मिलते हैं-जब कुंती ने अपने प्रत्येक पुत्र को गर्भ धारण करने से पहले दिव्य मंत्रों का जाप किया, तो उस समय उनकी मानसिक स्थिति ने उनके गुणों को आकार दिया। इसी प्रकार, अभिमन्यु द्वारा अपनी माता सुभद्रा के गर्भ में चक्रव्यूह का रहस्य जानने की कथा गर्भ संस्कार की वैज्ञानिक गहराई को दशार्ती है।



आधुनिक विज्ञान अब इस बात की पुष्टि करता है कि शिशु के मस्तिष्क का लगभग अस्सी प्रतिशत विकास गर्भ में ही होता है। गर्भ एक निष्क्रिय भौतिक स्थान नहीं है; यह ऊर्जा और बुद्धि का एक गतिशील केंद्र है जो शिशु के भावी व्यक्तित्व को आकार देता है। इस अवधारणा को व्यावहारिक बनाने के लिए, अंकुरम कार्यक्रम गर्भवती माताओं को सशक्त बनाने हेतु एक व्यापक प्रशिक्षण मॉडल प्रस्तुत करता है। यह प्रशिक्षण गर्भ संस्कार के पीछे के प्राचीन विज्ञान, शिशु की शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक बुद्धि के सचेतन विकास, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के रखरखाव, और ध्यान, मंत्रोच्चार, शास्त्र वाचन और सेवा गतिविधियों के माध्यम से भावनात्मक और आध्यात्मिक सामंजस्य के विकास को शामिल करता है। इस कार्यक्रम में दिव्य प्रसव और माताओं एवं नवजात शिशुओं की प्रसवोत्तर देखभाल के लिए मार्गदर्शन भी शामिल है। गर्भ संस्कार अकादमी की संस्थापक डॉ. सोनल जैन जायसवाल इस दृष्टिकोण को उल्लेखनीय समर्पण के साथ साकार करने का नेतृत्व कर रही हैं। अंकुरम का दार्शनिक आधार आचार्य श्री महाप्रज्ञ के प्रेक्षाध्यान में निहित है, जिसने यह स्थापित किया कि ध्यान केवल तपस्वियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि जीवन के सभी चरणों के लिए सर्वोच्च औषधि है। इसका मूल संदेश- ह्लबोध करो, जानो और रूपांतरित करोह्व, यहाँ अत्यंत प्रासंगिक हो जाता है। जब एक माँ ध्यान करती है, तो उसकी उन्नत चेतना उसके अजन्मे बच्चे की चेतना को प्रकाशित करती है। आचार्य महाप्रज्ञ कहा करते थे, ह्लगर्भ ध्यान का प्रथम मंदिर है। वहाँ उत्पन्न स्पंदन जीवन भर बच्चे के व्यक्तित्व को प्रभावित करते हैं ह्व इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, आचार्य श्री महाश्रमण ने इस संस्कार को आधुनिक संदर्भ में विस्तारित किया है, और कहा है कि भय, अशांति और तनाव से ग्रस्त इस विश्व में, गर्भ संस्कार जैसी पहल मानवता को स्थायी शांति और मूल्यों की ओर ले जा सकती है। मातृत्व स्वयं एक पवित्र तपस्या है, और अंकुरम उस तपस्या को चेतना के उत्सव में बदल देता है।

अंकुरम गर्भ संस्कार योग, ध्यान और आधुनिक विज्ञान का सुंदर समन्वय करता है। यह इस समझ पर आधारित है कि एक माँ के विचारों और भावनाओं का गर्भस्थ शिशु पर सीधा प्रभाव पड़ता है। योग, प्राणायाम और प्रेक्षा तकनीकों के माध्यम से, गर्भवती माताएँ शांत, संतुलित और आनंदित रहना सीखती हैं, जिससे शांत, स्वस्थ और मूल्य-उन्मुख बच्चे जन्मते हैं। जैसाकि सुमन नाहटा बताती हैं, अंकुरम एक प्रशिक्षण प्रक्रिया है जो भावी माताओं को गर्भावस्था को एक आध्यात्मिक साधना में बदलना सिखाती है ताकि प्रत्येक जन्म के साथ, मूल्यों का एक नया सूर्योदय धरती पर उदित हो। यह पहल माताओं से आगे बढ़कर एक राष्ट्र-निर्माण आंदोलन है। एक मूल्य-उन्मुख पीढ़ी ही एक सशक्त समाज और एक शांतिपूर्ण विश्व की सच्ची नींव है। इस प्रकार, अंकुरम गर्भ संस्कार केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि धर्म, विज्ञान, मनोविज्ञान और संस्कृति को एक सूत्र में पिरोने वाला एक आध्यात्मिक आंदोलन है। आचार्य श्री महाश्रमण ने ठीक ही कहा है कि संस्कार बचपन में नहीं, बल्कि गर्भ में ही शुरू हो जाते हैं। एक माँ जो सजगता, करुणा और संयम के साथ जीवन जीती है, वह एक ऐसे बच्चे को जन्म देती है जो समाज में प्रकाश फैलाता है। अंकुरम के माध्यम से, हम एक सुसंस्कृत भारत की नींव रख रहे हैं। सुसंस्कृत मातृत्व सुसंस्कृत मानवता की ओर पहला कदम है। बीज से वृक्ष तक, यह पहल एक नई मानवता के पोषण की प्रयोगशाला है। इसे भारत के उन्नीस राज्यों के साथ-साथ नेपाल और भूटान में तेरापंथ महिला मंडलों की पाँच सौ पचास शाखाओं में सत्तर हजार से ज्यादा महिलाओं द्वारा क्रियान्वित किया जायेगा।

अंकुरम गर्भ संस्कार मातृत्व को एक ध्यानपूर्ण यात्रा में बदल देगा-जहां माँ और बच्चे के बीच एक मौन संवाद, जो शब्दों में नहीं, बल्कि भावनाओं के माध्यम से व्यक्त होगा। यह धर्म, योग और शांति का संवाद है। यह पहल एक नई चेतना जगाती है कि अगर हम गर्भ से ही मूल्य-निर्माण शुरू कर दें, तो हम दुनिया से हिंसा, बेचैनी और नैतिक पतन को मिटा सकते हैं। जैसाकि आचार्य महाप्रज्ञ ने बहुत खूबसूरती से कहा है, ह्यजब एक माँ ध्यान में प्रवेश करती है, तो मानवता का भविष्य प्रार्थनापूर्ण हो जाता है ह्व भारतीय चिंतन में, मातृत्व को हमेशा से ही सर्वोच्च देवत्व-जननी, धात्री, अन्नपूर्णा और भूमिका देवी के रूप में पूजनीय माना गया है। माँ की गोद मूल्यों का सबसे बड़ा पवित्र स्थान है। हमारे महाकाव्य, रामायण और महाभारत, मातृ कृपा के अनगिनत आदर्शों को दशार्ते हैं- कौशल्या की कोमलता, सीता का साहस, कुंती का धैर्य और गार्गी-मैत्रेयी का ज्ञान। भारतीय संस्कृति में मातृत्व केवल एक रिश्ता नहीं है, यह एक आध्यात्मिक शक्ति, एक पवित्र ऊर्जा और समस्त सृष्टि का स्रोत है। गर्भ एक दिव्य प्रयोगशाला है जहाँ न केवल शरीर, बल्कि मानवता की आत्मा और मूल्यों का भी निर्माण होता है।

तनाव, प्रतिस्पर्धा और कृत्रिमता से ग्रस्त आज के भौतिकवादी संसार में, गर्भ संस्कार का पुनरुत्थान मानवता की जड़ों को एक बार फिर पोषित करने का मार्ग प्रस्तुत करता है। वैज्ञानिक अध्ययन अब इस बात की पुष्टि करते हैं कि एक माँ की मानसिक शांति, ध्यान, संगीत, योग और संतुलित आहार का अजन्मे बच्चे की बुद्धि, स्वास्थ्य और व्यक्तित्व पर गहरा प्रभाव पड़ता है। अंततः, अंकुरम का संदेश शाश्वत है- केवल सुसंस्कृत माताएँ ही सुसंस्कृत संतान को जन्म दे सकती हैं और ऐसी संतानें स्वर्ण युग की नींव रखेंगी।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस : स्वस्थ तन में होता हैं स्वस्थ मन का निवास

**डॉ अशोक कुमार वर्मा**




**भारत** के संविधान का अनुच्छेद 21 किसी भी व्यक्ति को कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अलावा उसके जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित नहीं करता है, जो मौलिक अधिकार के रूप में सभी नागरिकों और विदेशियों को समान रूप से उपलब्ध है। इस अधिकार के दायरे में स्वास्थ्य, चिकित्सा, आश्रय और स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार शामिल है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 25 जुलाई 2025 को सुकदेब साहा बनाम आंध्र प्रदेश राज्य एवं अन्य, 2025 लाइव लॉ (एससी) 740 में एक निर्णय में मानसिक स्वास्थ्य को संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन के अधिकार का अभिन्न अंग घोषित किया है अर्थात मानसिक स्वास्थ्य देखभाल पाना एक संवैधानिक अधिकार है और राज्य का यह कर्तव्य है कि वह सभी के लिए मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करे। भारत के संविधान का अनुच्छेद 21 किसी भी व्यक्ति को कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अलावा उसके जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित नहीं करता है, जो मौलिक अधिकार के रूप में सभी नागरिकों और विदेशियों को समान रूप से उपलब्ध है। इस अधिकार के दायरे में स्वास्थ्य, चिकित्सा, आश्रय और स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार शामिल है, और यह जीवन को गरिमापूर्ण तरीके से जीने की क्षमता की रक्षा करता है। यद्यपि भारत में 7 अप्रैल 2017 को मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017 पारित किया गया था जो 29 मई 2018 को अस्तित्व में आया। इस अधिनियम ने आत्महत्या के प्रयास को प्रभावी रूप से अपराधमुक्त कर दिया। भारतीय दंड संहिता की धारा 309 के अंतर्गत आत्महत्या एक दंडनीय अपराध था। इस अधिनियम में मानसिक बीमारी दौरान ऐसे व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा, संवर्धन और पूर्ति करने और उससे जुड़े या उसके आकस्मिक मामलों के लिए प्रावधान हैं। इस अधिनियम के अस्तित्व में आने के पश्चात पूर्व में लागू मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम, 1987 को निरस्त कर दिया गया है जो 22 मई 1987 को पारित किया गया था।

आज भौतिकतावाद के युग में मानसिक समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। मनुष्य अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है लेकिन कहीं न कहीं एक सीमा तक ही वह सफल हो पाता है और जहां उसे सफलता नहीं मिलती वहां से अवसाद आरम्भ होता है। अवसाद एक मनोदशा विकार है जिसमें निरंतर उदासी, निराशा, और किसी भी चीज में रुचि की कमी महसूस होती है, जिससे व्यक्ति की सामान्य दैनिक गतिविधियों को करने की क्षमता प्रभावित होती है। यह स्थिति हफ्ते या महीने भर तक रह सकती है और शारीरिक व भावनात्मक दोनों तरह की समस्याओं को जन्म दे सकती है। अवसाद के कारण व्यक्ति कुसंग का शिकार हो सकता है। आज के समय में व्यक्ति एकाकी होकर रह गया है। आज किसी के पास समय नहीं है। मोबाइल की लत ने इसे और अधिक भयंकर रूप दे दिया है। नशे की और आकर्षण भी इस अवसाद का ही कारण है। वास्तव में ये सब मानसिक रोग की श्रेणी में आते हैं।

अवसाद के एक उदाहरण में कोटा में आत्महत्या करने वाली छात्रा कृति का स्वलिखित सुसाइड नोट भारत सरकार और मानव संसाधन मंत्रालय को इंगित करता है जिसमें वह कह रही है कि अगर वो चाहते हैं कि कोई बच्चा न मरे तो जितनी जल्दी हो सके इन कोचिंग संस्थानों को बंद करवा दें। ये कोचिंग छात्रों को खोखला कर देते हैं। पढ़ने का इतना दबाव होता है कि बच्चे बोझ तले दब जाते हैं। कृति ने लिखा है कि वो कोटा में कई छात्रों को डिप्रेशन और स्ट्रेस से बाहर निकालकर सुसाईड करने से रोकने में सफल हुई लेकिन खुद को नहीं रोक सकी। अपनी मां के लिए उसने लिखा कि-आपने मेरे बचपन और बच्चा होने का फायदा उठाया और मुझे विज्ञान पसंद करने के लिए मजबूर करती रहीं लेकिन मैं आपको बता दूं कि मुझे आज भी अंग्रेजी साहित्य और इतिहास बहुत अच्छा लगता है क्योंकि ये मुझे मेरे अंधकार के वक्त में मुझे बाहर निकालते हैं।

# बागराम एयरबेस पर नई कूटनीतिः भारत-तालिबान की नजदीकी से बदलेगा क्षेत्रीय समीकरण

**भाषा सिंह**



**कितनी** तेजी से दुनिया के इस हिस्से में कूटनीतिक संबंध बदल रहे हैं, इसका आभास मॉस्को में हुई इस बैठक में साफ-साफ दिख रहा है। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री खान मुत्ताकी के नेतृत्व में पहली बार अफगानिस्तान के प्रतिनिधिमंडल ने इस तरह की किसी भी बैठक में भागीदारी की। रूस के अफगानिस्तान में अपने हित है। तालिबान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी का भारत आना अपने आप में बड़ी खबर है, लेकिन उससे भी बड़ा घटनाक्रम है अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अफगानिस्तान के बागराम एयरबेस को कब्जे में लेने का भारत द्वारा विरोध करना। तालिबान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी का भारत आना, अपने आप में बड़ी खलबली पैदा करने वाली खबर है। भारत ने इस मुद्दे पर तालिबान, पाकिस्तान, चीन व रूस के अफगानिस्तान पर मॉस्को फॉर्मेट कंसल्टेशन का समर्थन किया, जिसमें बिना बागराम एयरबेस का नाम लिये हुए अमेरिकी मंशा का विरोध किया गया है। इस तरह से अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारत का यह दूसरा बड़ा कदम है, जो सीधे-सीधे अमेरिकी हित से टकराता है। इससे पहले चीन में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में भी भारत ने इजराइल के खिलाफ जारी बयान में हस्ताक्षर किये थे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सितंबर में चीन जाना और शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में शामिल होने पर भी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खासी नाराजगी जताई थी। हालांकि भारत ने अभी तक अफगानिस्तान में चल रहे तालिबान के शासन को औपचारिक मान्यता नहीं दी है लेकिन मानवतावादी व विकास संबंधी कार्यों में भारत अफगानिस्तान को सहयोग कर रहा है। इस लिहाज से भी तालिबान के विदेश मंत्री का पहली बार भारत आना एशिया के देशों में नये किस्म के संवाद व साझेदारी की शुरूआत का संकेत हो सकता है। रूस की राजधानी मॉस्को में हुई मॉस्को फॉर्मेट कंसल्टेशन ऑन अफगानिस्तान की सातवीं बैठक में भारत, अफगानिस्तान, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, चीन, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान देशों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने शिरकत की। बेलारूस के प्रतिनिधिमंडल ने भी शिरकत की। यहां जो संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया, वह विश्व कूटनीति में अमेरिका को सीधे चुनौती देने वाला नजर आता है। इसमें कहा गया कि, 'अफगानिस्तान व पड़ोसी देशों में अन्य देशों द्वारा अपने सैन्य ढांचे(मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्चर) तैनात करने की कोशिशें स्वीकार नहीं हैं क्योंकि ये क्षेत्रीय शांति व स्थिरता के हित में नहीं हैं।' यह वक्तव्य 7 अक्टूबर 2025 को जारी किया गया।

मजेदार बात है कि इसमें सीधे-सीधे बागराम पर अमेरिकी कब्जे की चाह का जिक्र नहीं है, लेकिन निशाना बिल्कुल साफ है। इसमें यह भी कहा गया कि अफगानिस्तान को स्वंतत्र, एकीकृत व शांतिपूर्ण देश के तौर पर स्थापित करने के लिए भी काम करेंगे। इसके अलावा एक और बात जो सीधे अमेरिकी वर्चस्व को सीधे चुनौती देने वाली इसमें शामिल है।

# महंत रामआश्रय दास पी जी कालेज में महंत जी की मूर्ति का अनावरण किया गया

**ब्यूरो रिपोर्ट प्रदीप कुमार पाण्डेय।**

**गाजीपुर । मुख्यमंत्री** ने सामाजिक समरसता और शिक्षा के महत्व पर बल दिया।

स्थानीय संत.महात्माओं का सम्मानरू कार्यक्रम में स्थानीय संत.महात्माओं को सम्मानित किया गया।

ह्लमाननीय मुख्यमंत्री ने गाजीपुर के सर्वांगीण विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

ह्लगाजीपुर की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर के महत्व को रेखांकित किया ग । ट । । ।

ततपश्चात माननीय मुख्यमंत्री ने भुड़कुड़ा स्थित महंत रामआश्रय दास पी जी कालेज में सर्वप्रथम एक पेड माँ के नाम 2.0 के अन्तर्गत रूद्राक्ष का पौध रोपण करने के पश्चात कालेज परिसर मे ही महंत रामआश्रय दास जी की मूर्ति का अनावरण किया।इसके बाद सड़क मार्ग के द्वारा भुड़कुड़ा पहुचकर पूजा अर्चन किया।तत्पश्चात पुनः सड़क मार्ग द्वारा ही महंत रामआश्रय दास पी जी कालेज पहुचकर प्रबुद्ध जन संवाद संगम कार्यक्रम मे प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने महंत रामआश्रय दास जी के जीवन और उनके द्वारा शिक्षा तथा समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए अद्वितीय योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि महंत जी के आदर्श और उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।माननीय मुख्यमंत्री ने कहा कि महंत रामआश्रय दास जी ने शिक्षा के माध्यम से समाज में



सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया। उनकी स्मृति में इस मूर्ति का अनावरण उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प है। उन्होने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि उ0प्र0 के अन्दर डबल इंजन की सरकर है जो कि विरासत की सुरक्षा करते हुए प्रत्येक क्षेत्र मे कुछ नये परिवर्तन कर रहा है और विकास की प्रकिया कि हर एक क्षेत्र मे उ0प्र0 को विकसित राज्य बनाने के लिए कार्य कर रहे है। उ0प्र0 प्रदेश भारत की अर्थ व्यव्यवस्था का अग्रणी प्रदेश बनकर नेतृत्व कर रहा है। इसके लिए हम सबको




मिलकर कार्य करना होगा। 08 वर्ष से डबल इंजन की सरकार ने उ0प्र0 बिमारू राज्य से उठाकर देश के विकास का ग्रोथ इंजन के रूप मे स्थापित किया है। उन्होने कहा कि 2047 मे जब देश आजादी का शताब्दी वर्ष बना रहा होगा उस समय हमारे पास जैसा भारत चाहिए उस भारत के निर्माण के लिए विकसित भारत प्रधानमंत्री जी का संकल्प है तो विकसित भारत के लिए विकसित उ0प्र0 और विकसित उ0प्र0 के लिए विकसित गाजीपुर होगा। जिसकी शुरूआत स्कूलो और कालेजो से होना चाहिए। महाविद्यालय, संस्कृत महाविद्यालय, इण्टर कालेज एवं अन्य संस्थानो को भी विससित उ0प्र0 की संकल्प से जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग क्षेत्रो मे यथा शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन, इन्फ्रास्ट्रक्चर,निवेश आदि क्षेत्रो मे अपना सुझाव समर्थ उ0प्र0 पोर्टल या क्यू आर स्कैनर पर भेजे । उन्होने सभी को आमंत्रित किया कि विकसित उ0प्र0 के लिए हम सब को मिलकर कार्य करने की जरूरत है। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री/प्रभारी मंत्री रविंद्र जयसवाल, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, एमएलसी विशाल सिंह चंचल, राज्यसभा सांसद संगीता बलवंत, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, विधायक बेदी राम, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय, भानु प्रताप सिंह, कृष्ण बिहारी राय, सुनील सिंह, पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह, प्रो0 वंदना सिंह मा0 कुलपति पूर्वचल विश्वविद्यालय जौनपुर, मण्डलायुक्त वाराणसी मण्डल एस राजलिंगम जिलाधिकारी अविनाश कुमार, पुलिस अधीक्षक ईरज राजा, मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य सहित काफी संख्या में लोग रहे।

# नानाजी के आदर्शों संग चमका ग्रामोदय विश्वविद्यालय महामहिम राज्यपाल ने बांटे पदक और प्रेरणा

● ग्रामोदय विश्वविद्यालय का 13वा दीक्षांत समारोह

● स्वदेशी सोच, समृद्ध भारत का संकल्प

**अखंड भारत संदेश**




समारोह में राज्यपाल से डिग्री प्राप्त करती छात्रा

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का 13वां दीक्षांत समारोह शनिवार को परंपरा, संस्कृति और गौरव की छटा में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने की, जबकि मंच पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार मुख्य अतिथि और डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन विशिष्ट अतिथि रहे। समारोह में कुल 37 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि, 35 उत्कृष्ट विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, तथा कृषि संकाय की दिशा साहू को नानाजी स्मृति गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ज्ञान तभी सार्थक है जब वह समाज और राष्ट्र के उत्थान में काम आए। उन्होंने नानाजी देशमुख के आदर्शों को आत्मसात करने और समृद्धि के शिखर पर भी विनम्रता बनाए रखने का संदेश दिया। उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने विद्यार्थियों को आह्वान किया कि वे अपनी सफलता को देश की संपत्ति मानें और 2047 के विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। विशिष्ट अतिथि डॉ. अतुल कोठारी ने शिक्षा को आत्मचिंतन और समाजसेवा से जोड़ने का संदेश दिया, जबकि अभय महाजन ने विद्यार्थियों को हर मामले में स्वदेशी बनने की प्रेरणा दी। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का ब्यौरा देते हुए बताया कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय को नैक द्वारा ए.ग्रेड और यूजीसी से श्रेणी-1 विश्व विद्यालय का दर्जा प्राप्त है। समारोह में कुल 799 नियमित और 20,000 से अधिक दूरवर्ती विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं।

**दीक्षांत समारोह की प्रमुख झलकियां**

दीक्षांत समारोह में कुल 37 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान की गयी, 35 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, जिनमें दिशा साहू को मिला नानाजी स्मृति गोल्ड मेडल ऽ मुख्य अतिथि- इंदर सिंह परमार, उच्च शिक्षा मंत्री ऽ विशिष्ट अतिथि- डॉ अतुल कोठारी व अभय महाजन, संगठन सचिव, डीआरआई ऽ विश्वविद्यालय को नैक ए. ग्रेड व यूजीसी श्रेणी-1 विश्वविद्यालय का दर्जा ऽ कुल 799 नियमित व 20,000 से अधिक दूरवर्ती विद्यार्थियों को मिली उपाधि ऽ ज्ञान को कर्म में बदलना ही सच्चा राष्ट्रसेवा है - महामहिम मंगुभाई पटेल

# जिले में उठी सनातन ध्वजा- राज्यपाल ने किया 151 कुंडीय महायज्ञ की आधारशिला पत्रिका का विमोचन


पत्रिका के विमोचन में मौजूद राज्यपाल व अन्य

● रची जाएगी दिव्यता की गाथा

● विश्व गुरु भारत की झलक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** धर्मनगरी चित्रकूट एक बार फिर आस्था और अध्यात्म के विराट संगम का साक्षी बनने जा रही है। अखिल भारतीय गायत्री परिवार द्वारा 17 से 21 दिसंबर तक आयोजित होने वाले 151 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के प्रथम पुष्प के रूप में शनिवार की सुबह मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने इसकी आधारशिला पत्रिका का विमोचन किया। विमोचन समारोह में राज्यपाल ने कहा कि ऐसे रचनात्मक और संस्कार प्रधान कार्यक्रम ही राष्ट्र के विकास को नई दिशा देते हैं। उन्होंने कहा कि धर्म और सेवा का संगम ही भारत की आत्मा है। वहीं, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि पं श्रीराम शर्मा आचार्य ने विश्व में भारत की सनातन पताका को फहराया और गायत्री शक्तिपीठ इस युग परिवर्तन के संवाहक बने हैं। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने कहा कि हम अपने गुरु के स्वप्न को साकार करने के लिए तन, मन, धन से जुटे हैं। कार्यक्रम में आधारशिला पत्रिका के संपादन से जुड़े पत्रकार डॉ रवीन्द्र अरजरिया, डॉ संदीप रिछारिया और पन्नालाल अवस्थी सहित सैकड़ों गायत्री परिजन मौजूद रहे। चित्रकूट अब 151 कुंडों की पवित्र अग्नि से एक बार फिर विश्व गुरु भारत के स्वप्न को साकार करने जा रहा है।

# छह करोड़ में बना रामायण दर्शन अब खंडहर बनने की कगार पर, नहीं पहुंचते श्रद्धालु

● न बिजली, न सड़क, न सैलानी

● परिक्रमा का रत्न बना उपेक्षा का शिकार

**अखंड भारत संदेश**



बदहाली आंसू बहाता परिक्रमा मार्ग पर स्थित रामायण दर्शन

**चित्रकूट।** भगवान राम की नगरी चित्रकूट में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना रामायण दर्शन आज अपनी ही उपेक्षा पर आंसू बहा रही है। कामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर लगभग 6 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह आकर्षक डिजिटल रामायण गैलरी और शो अब वीरान पड़ी है। जहां कभी श्रद्धा और पर्यटन का संगम होना था, वहां अब सन्नाटा और धूल जम चुकी है। बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी से मांग की है कि रामायण दर्शन तक सड़क और विद्युतीकरण की तत्काल व्यवस्था हो तथा परिक्रमा मार्ग में जगह-जगह प्रचारात्मक कटआउट और होर्डिंग्स लगाए जाएं। संगठन के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि यहां 20 रुपये में वयस्कों के लिए टिकट और बच्चों के लिए निःशुल्क प्रवेश है। डिजिटल गैलरी में प्रभु श्रीराम और चित्रकूट के दर्शनीय प्रसंगों को बड़े पर्दे पर दिखाया जाता है, लेकिन सैलानियों की पहुंच न के बराबर है। आगे बताया कि शुरूआत में यहां एक कंपनी ने रेस्टोरेंट खोला था, परंतु अपेक्षित पर्यटक न मिलने के कारण घाटे में जाकर उसे बंद करना पड़ा। पर्यटन विभाग की लापरवाही ने इस परियोजना को बबार्दी के कगार पर ला खड़ा किया है। यदि अलग से सड़क, स्थायी विद्युत कनेक्शन और परिक्रमा में रामायण दर्शन के प्रचार-प्रसार की व्यवस्था हो जाए, तो यह स्थल फिर से पर्यटकों से गुलजार हो सकता है। फिलहाल, करोड़ों की लागत से बना यह धार्मिक और सांस्कृतिक स्वर्ण स्वप्न, आज बदहाली और उपेक्षा के अंधेरे में खो चुका है।

## मानिकपुर में आबकारी निरीक्षण अभियान- दीपावली पर कड़े निर्देश लागू

**चित्रकूट।** दीपावली के मद्देनजर आबकारी विभाग ने जनपद चित्रकूट में विशेष अभियान चलाकर शराब दुकानों की सख्त निगरानी सुनिश्चित की। जिला अधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी मानिकपुर, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3 और पुलिस की संयुक्त टीम ने थाना मानिकपुर क्षेत्र की सभी आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया। अभियान के दौरान दुकानों को नियमों के अनुसार संचालन हेतु कड़ा निर्देश दिया गया। साथ ही क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 मऊ और क्षेत्र 4 राजापुर की टीम ने देशी शराब और कंपोजिट शॉप की फुटकर दुकानों का आकस्मिक सघन निरीक्षण किया और क्यूआर कोड मिलान व पीओएस मशीन के माध्यम से 100 प्रतिशत स्कैनिंग कर बिक्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री की योजनाओं के तहत जिले के किसानों को नई उड़ान, ज्ञान और बीजों का वितरण

**चित्रकूट।** शनिवार को दीनदयाल शोध संस्थान एवं कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां में श्रद्धेय नाना जी देशमुख जयंती एवं ग्रामोदय पखवाड़ा समापन के अवसर पर कृषक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत नाना जी देशमुख की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्पार्चन से हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्बोधन सजीव प्रसारण के माध्यम से 418 किसानों को दिखाया गया, जिसमें उन्होंने पीएम धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन जैसी योजनाओं का शुभारम्भ किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ राजेंद्र सिंह नेगी ने प्राकृतिक कृषि और बीजामृत, जीवामृत, नीमास्त्र आदि के प्रयोग पर मार्गदर्शन किया। सस्य वैज्ञानिक विजय कुमार गौतम ने क्षेत्र को दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने का संदेश दिया। कार्यशाला में तकनीकी प्रदर्शनी और आर एच 725 दाल का उन्नत बीज वितरण भी किया गया।

# बाल विवाह के खिलाफ बिगुल- मऊ कॉलेज से उठी सशक्त चित्रकूट की पुकार



अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर महाविद्यालय में मौजूद अतिथिगण

**मऊ/चित्रकूट।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मऊ स्थित महामति प्राणनाथ महाविद्यालय का प्रांगण बेटी सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता की गूंज से भर उठा। जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति द्वारा आयोजित इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में एक ऐतिहासिक संकल्प लिया गया- बाल विवाह मुक्त चित्रकूट बनाने का। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी राम ऋषि रमन ने की, जिन्होंने कहा कि बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा समाज का नैतिक दायित्व है। वहीं मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने दो टूक कहा कि बाल विवाह रोकना कानून ही नहीं, समाज का धर्म भी है। उन्होंने सभी से अपील की कि ऐसी घटनाओं की सूचना तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या स्थानीय पुलिस को दें। क्षेत्राधिकारी फहद अली ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत सशक्त नारी-सुरक्षित नारी थीम पर जिलेभर में जनजागरूकता अभियान चल रहे हैं। संस्था सचिव शंकर दयाल ने घोषणा की कि आगामी 100 दिनों में विशेष अभियान चलाकर चयनित गांवों को बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाएगा। बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समानता का संदेश दिया। अंत में सभी उपस्थित जनों ने शपथ ली- अब कोई बेटी बचपन में दुल्हन नहीं बनेगी।

# पंचायत चुनाव का शंखनाद : कर्वी-मानिकपुर में पटेल सेना की हुंकार, हर बूथ पर फहराएंगे पार्टी का झंडा

● कर्वी से मानिकपुर तक गूंजा जय अनुप्रिया

**अखंड भारत संदेश**


कर्वी व मानिकपुर की बैठक में मौजूद अपना दल कार्यकर्ता

**चित्रकूट।** विधानसभा कर्वी की मासिक बैठक शनिवार को ग्राम चनहट में जोश और उत्साह के माहौल में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष दिलीप सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव राजेश पटेल बुलबुल, जिलाध्यक्ष हेमराज सिंह और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। सैकड़ों ग्रामवासी और कार्यकर्ता जब जय डॉ सोनेलाल पटेल और अनुप्रिया पटेल के नारों से मैदान गूंजा रहे थे, तभी मंच से पंचायत चुनाव 2026 की दिशा तय हो रही थी। मुख्य अतिथि ने कहा कि डॉ सोनेलाल पटेल के विचार ही पार्टी की आत्मा हैं, और उन्हीं सिद्धांतों पर चलकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। महासचिव महेन्द्र सिंह पटेल ने बताया कि बहन अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में आज पार्टी प्रदेश की तीसरी सबसे बड़ी ताकत बन चुकी है। जब्बर सिंह पटेल ने कार्यकताओं से आह्वान किया- अब हमें सिर्फ नेता नहीं, नेतृत्व चाहिए। हर बूथ जीतकर पंचायत से लेकर विधानसभा तक अपना वर्चस्व स्थापित करें। कार्यक्रम का संचालन फूल सिंह ने किया। इसके बाद मानिकपुर विधानसभा की बैठक नादिन कुर्मियान में संपन्न हुई, जहां मुख्य अतिथि राजेश पटेल बुलबुल ने बताया कि डॉ सोनेलाल पटेल ने संगठन की नींव इसी धरती से रखी थी। प्रदेश महासचिव नाथूराम पटेल ने कहा कि अनुप्रिया पटेल सर्वसमाज की आवाज हैं और अब हर कार्यकर्ता को पंचायत चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों को विजयी बनाना होगा। कार्यक्रम में अशोक सिंह, चंदन सिंह, सुरेश सिंह, बल्लू प्रजापति, माताबदल, नत्थू प्रसाद, मानसिंह, रामकृष्ण समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आरोग्यधाम में बड़ा प्रशिक्षण अभियान- आयुष मंत्री ने किया शुभारम्भ

**चित्रकूट।** दीनदयाल शोध संस्थान में शनिवार को आयोजित दो दिवसीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मध्यप्रदेश के आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने किया। यह प्रशिक्षण आरोग्यधाम के माध्यम से स्वास्थ्य कार्यकताओं को आयुर्वेदिक ज्ञान और आजीवन स्वास्थ्य के मंत्र देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीपप्रज्वलन और लोकनायक जयप्रकाश नारायण व राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस मौके पर कुलगुरु प्रो भरत मिश्र, दीनदयाल शोध संस्थान के कोषाध्यक्ष वसंत पंडित, आरएसएस सतना जिला संघचालक रामबेटा कुशवाहा, रसशास्त्र विशेषज्ञ डॉ. पूर्णिमा, एवं समाजशिल्पी दम्पति प्रभारी राजेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

# अन्नदाताओं को मिला मोदी का 42 हजार करोड़ का तोहफा

## आत्मनिर्भर भारत की नई फसल

● धान-धान्य से दलहन तक

● कृषि क्रांति की नई राह

**चित्रकूट।** देश के अन्नदाताओं को समर्पित ऐतिहासिक दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अन्नदाताओं का सम्मान, समृद्ध राष्ट्र का निर्माण अभियान के अंतर्गत देशभर के किसानों को 42 हजार करोड़ की सौगात दी। पीएम ने पीएम धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की शुरूआत करते हुए कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास रिमोट के माध्यम से किया। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट चित्रकूट में देखा गया, जहां जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, भाजपा जिला अध्यक्ष महेंद्र कोटार्य और जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल सहित प्रमुख जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि इन योजनाओं से किसानों की आय में वृद्धि होगी और कृषि उत्पादन में आत्मनिर्भरता का नया अध्याय शुरू होगा। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य के लिए पैरावेट पशु मित्र अशोक कुमार, छविलाल, राजकुमार निषाद, अनीता सिंह समेत 23 पशु मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जनपद के कुल 109 पशु मित्रों को प्रेरित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि यही असली राष्ट्र निमार्ता हैं, जो खेतों की मिट्टी में भारत की खुशहाली बो रहे हैं।

# घुनुवा में धर्मांतरण की साजिश बेनकाब- ईसाई मिशनरी के दो गुगे गिरफ्तार, 12 को बनाया निशाना

● हर शुक्रवार चलता था खेल

● हिंदू देवी-देवताओं पर करते थे अभद्र टिप्पणी

**चित्रकूट।** धार्मिक आस्था पर हमला करने वाली एक बड़ी साजिश का पदार्फाश करते हुए रैपुरा थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो गांव-गांव घूमकर हिंदू धर्म छोड़ने के लिए लोगों को बरगला रहे थे। मामला घुनुवा गांव का है, जहां हर शुक्रवार को एक ईसाई मिशनरी की अगुवाई में सभा होती थी। इन सभाओं में हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर लोगों को ईसा मसीह के धर्म को अपनाने के लिए उकसाया जाता था। बताया कि बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने जब इसकी सूचना पुलिस को दी, तो थाना प्रभारी रैपुरा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके से भारत और रामविलास नामक दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि ये दोनों कई दिनों से 12 स्थानीय लोगों को लालच और झूठे वादों से धर्मांतरण के लिए तैयार करने में जुटे थे। पुलिस ने कहा कि इन सभाओं में हर शुक्रवार को प्रचार के नाम पर हिंदू धर्म को नीचा दिखाने और लोगों को भ्रमित करने की कोशिश की जाती थी। फिलहाल दोनों आरोपियों से पूछताछ चल रही है, जबकि पुलिस उन 12 संदिग्धों पर भी नजर रखे हुए है जो इनके संपर्क में थे। धर्मांतरण की यह साजिश चित्रकूट में आस्था और कानून दोनों के लिए एक गहरी चुनौती बनकर सामने आई है।

## गर्भवती महिलाओं और माताओं के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष कार्यशाला

**चित्रकूट।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट फार मदर एंड चाइल्ड की प्रोजेक्ट जाग्रति के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा, सीडीओ मिस अमृत पाल कौर, मुख्य चिकित्शाधिकारी भूपेश द्विवेदी और अन्य अधिकारियों की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम गर्भवती महिलाओं और माताओं में मानसिक स्वास्थ्य, प्रसव कालीन अवसाद, चिंता, तेज धड़कन, चिड़चिड़ापन और बच्चों पर इसके प्रभाव पर केंद्रित रहा। विशेषज्ञों ने बताया कि अवसाद और चिंता माता के शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के साथ-साथ बच्चे की परवरिश पर भी नकारात्मक असर डाल सकते हैं। कार्यक्रम में पौष्टिक आहार, पर्याप्त नींद, नियमित व्यायाम और परिवार की सहायता लेने जैसे उपायों पर जोर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस जागरूकता पहल की सराहना की और इसे माताओं और बच्चों के लिए एक बड़ा संदेश बताया।

# संघर्ष से सम्मान तक- उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ ने मनाया 73वां स्थापना दिवस

● शंभू नाथ वर्मा को नमन, पुरानी पेंशन से लेकर प्रमोशन तक जंग जारी

**अखंड भारत संदेश**


स्थापना दिवस पर स्व वर्मा की प्रतिमा पर पुष्प चढाते कर्मचारीगण

**चित्रकूट।** सेवा, संघर्ष और समर्पण के प्रतीक उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ (यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन) का स्थापना दिवस शनिवार को पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी विद्यालयों में कर्मचारियों ने संगठन के संस्थापक स्वर्गीय शंभू नाथ वर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके संघर्षपूर्ण जीवन को याद किया। जनपद मुख्यालय स्थित चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने बताया कि संघ की स्थापना 10 अक्टूबर 1952 को हुई थी और तब से आज तक यह कर्मचारियों के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ता आ रहा है। स्थापना दिवस के अवसर पर सभी विद्यालयों में स्वर्गीय वर्मा के नाम का एक वृक्ष लगाया गया, जिसकी देखरेख शिक्षणेत्तर कर्मचारी करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कर्मचारियों को जो भी सुविधाएँ आज मिली हैं, वह संगठन के लंबे संघर्ष का परिणाम हैं। स्पष्ट किया कि संघ अब भी पदोन्नति, 300 दिनों के अवकाश का नकदीकरण, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, पुरानी पेंशन बहाली और आउटसोर्सिंग कर्मियों के नियमितीकरण जैसी मांगों को लेकर संघर्षरत है। इस अवसर पर उपस्थित बाबूलाल, रामशरण, पवन कुमार, अखिलेश कुमार, विनय त्रिपाठी, हरिश्चंद्र, रमेश कुमार सहित कई कर्मचारियों ने संगठन के प्रति आस्था और एकजुटता व्यक्त की। कार्यक्रम के समापन पर गरीबों व असहायों को फल वितरण कर स्थापना दिवस को सेवा पर्व का रूप दिया गया।

# फिर घूमा ट्रंप का दिमाग, चीन पर ठोक दिया 100% का अतिरिक्त टैरिफ



**अमेरिका**
**भारत** समेत दुनियाभर के देशों पर भारी भरकम टैरिफ थोपने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब चीन पर भी 100 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। ट्रंप ने चीन के खिलाफ नए व्यापारिक फैसले का ऐलान करते हुए कहा कि 1 नवंबर से सभी चीनी आयातों पर 100 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। साथ ही अमेरिका में निर्मित महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर पर सख्त निर्यात नियंत्रण लगाने की बात कही है। ट्रंप के इस फैसले के बाद ऐसी आशंका जताई जा रही है कि ये कदम दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तनाव को और बढ़ा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में बीजिंग पर व्यापार के मामले में आक्रमक रूख अपनाने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि अमेरिका भी उसी तरह जवाब देगा। ट्रुथ सोशल पर एक लंबी पोस्ट में ट्रंप ने चीन पर अगले महीने से अपने हर उत्पाद पर 'बड़े पैमाने पर निर्यात नियंत्रण' लगाकर व्यापार पर 'अत्यंत आक्रामक रुख' अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसका असर सभी देशों पर पड़ेगा, और चीन ने यह योजना वर्षों पहले ही बना ली थी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में ऐसा बिल्कुल नहीं सुना गया है और अन्य देशों के साथ व्यवहार में यह एक नैतिक अपमान है। उन्होंने आगे कहा कि यह विश्वास करना असंभव है कि चीन ने ऐसा कदम उठाया होगा, लेकिन उन्होंने उठाया है और बाकी सब इतिहास है। हालाँकि उन्होंने चीन पर और टैरिफ लगा दिए हैं, लेकिन ट्रंप ने कहा कि उन्होंने अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के साथ अपनी प्रस्तावित बैठक रद्द नहीं की है। हालाँकि, जब व्हाइट हाउस में पत्रकारों ने उनसे पूछा कि क्या वह अतिरिक्त टैरिफ हटाएँगे, तो ट्रंप ने कहा कि उन्हें देखना होगा कि क्या होता है। उन्होंने कहा कि इसीलिए मैंने इसे 1 नवंबर की तारीख पर रखा है। उन्होंने कहा कि नहीं, मैंने इसे रद्द नहीं किया है। हालाँकि, मुझे यकीन नहीं है कि हम इसे कर पाएँगे या नहीं। मैं वहाँ जरूर जाऊँगा। मुझे लगता है कि हम इसे कर पाएँगे। लेकिन, उन्होंने दुनिया को एक झटका दिया। यह चौंकाने वाला था। अचानक, उन्होंने आयात-निर्यात की यह पूरी अवधारणा गढ़ी, और किसी को इसके बारे में कुछ पता ही नहीं था।

# हवा में ही गला घोंट देंगे, पुतिन की ट्रंप को अब तक की सबसे बड़ी धमकी

**यूक्रेन**
**डोनाल्ड** ट्रंप ने लाख कोशिश की कि यूक्रेन और रूस का युद्ध खत्म हो जाए लेकिन पुतिन ने आईना दिखाते हुए डोनाल्ड ट्रंप की बात को न सिर्फ दरकिनार कर दिया बल्कि ये तक कह दिया कि वो किसी शर्तों के आगे झुकने वाले नहीं है। ट्रंप ने पुतिन को अपने घर बुलाया। अलास्का में बैठक करवाई। लेकिन उसके बाद भी पुतिन डोनाल्ड ट्रंप की शर्तो के आगे झुके नहीं। अब ऐसे में ट्रंप इस कदर बौखला गए हैं कि वो पुतिन के खिलाफ नई नई रणनीति अपना रहे हैं और यूक्रेन को भरपूर हथियार भी पहुंचा रहे हैं। अमेरिका के इस कदम से रूस भड़क उठा है। यूक्रेन को लेकर पुतिन की अब तक की सबसे बड़ी धमकी सामने आई है। मसला इस बात से शुरू हुआ कि अमेरिका ने रूस के खिलाफ एक नई घोषणा की है, जिसके हिसाब से यूक्रेन को टॉम क्रूज मिसाइलें मिलेंगी। इसी को लेकर मॉस्को ने बड़ी



चेतावनी दी है। रूसी संसद की रक्षा समिति के प्रमुख आंद्रेई कातापोलोव ने कहा कि अगर वाशिंगटन यूक्रेन को टॉमहॉक दे देता है। तो रूस उन मिसाइलों को हवा में ही ध्वस्त कर देगा और लॉन्च साइट्स पर हमला करेगा। हम इन मिसाइलों को अच्छी तरह जानते हैं, ये कैसे उड़ती हैं, इन्हें कैसे मार गिराया जाता है; हमने सीरिया में इनके साथ काम किया है, इसलिए इसमें कुछ भी नया नहीं है। समस्याएँ केवल उन लोगों के लिए होंगी जो इन्हें आपूर्ति करते हैं और जो इन्हें इस्तेमाल करते हैं; समस्याएँ वहीं होंगी।
कातापोलोव के हवाले से यह भी कहा गया कि मास्को को अभी तक इस बात के कोई संकेत नहीं मिले हैं कि यूक्रेन टॉमहॉक्स के लिए प्रक्षेपण स्थल तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि अगर कीव को ऐसी मिसाइलें मिलती हैं, तो वह इसे छिपा नहीं पाएगा। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हुआ, तो रूस किसी भी लॉन्चर को नष्ट करने के लिए ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल करेगा। उनका बयान न सिर्फ सैन्य भाषा में कठोर था बल्कि स्पष्ट रूप से चेतावनी थी कि कोई भी ऐसा कदम भयानक परिणाम में बदल देगा। इसके साथ ही रूसी विदेश अधिकारी सर्गेई रयाबकोव ने वॉशिंगटन को धमकाते हुए कहा कि टॉमहॉक मिसाइल देना गंभीर फैसला है। अमेरिका इस फैसले पर सोचे। ये कदम सिर्फ मदद नहीं होगा बल्कि युद्ध की प्रकृति को ही बदल देगा।

# ट्रंप को उकसा रहे पुतिन, रूस ने यूक्रेनी शहरों पर फिर बरसाए बम

**यूक्रेन**
**24 फरवरी** 2022 को रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुआ और 11 अक्टूबर को को तीन साल से ज्यादा इस जंग को गुजर चुके हैं। इन सालों में यूक्रेन के कई शहर भूतिया शहर में तब्दील हो चुके हैं। कुछ आंकड़े कहते हैं कि 20 लाख से ज्यादा लोग यूक्रेन छोड़ दूसरे देश चले गए और अभी भी युद्ध जारी है। दो खेमे में बंटा विश्व कुछ रूस के साथ है तो कुछ अमेरिका के साथ है। लेकिन ऐसा लगता है कि कोई भी नहीं चाहता कि ये युद्ध रुके क्योंकि अगर रोकते तो ये युद्ध रूक चुका होता। लेकिन कोई कोशिश ही नहीं कर रहा है।
आपदा में अवसर वाली कहावत तो आपने सुनी ही होगी। यूक्रेन युद्ध की मार झेल रहा है, लेकिन जिन देशों की वजह से रूस से टक्कर लेने की बात हुई वो देश अमेरिका, यूरोप और नाटो हाथ पर हाथ धड़े बैठे मौज ले रहे हैं। युद्ध से पहले सभी यूक्रेन की जी जान से मदद



की बात करते रहे। लेकिन युद्ध शुरू होते ही आधा अधूरा मदद करके हाथ झाड़ रहे हैं। आज की तारीख में यूक्रेन ऐसे दोराहे पर खड़ा होकर मदद की राह देख रहा है।
यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि 10 अक्टूबर की रात से यूक्रेन पर रूस के हमलों ने देश भर में ऊर्जा ढाँचे को निशाना बनाया, जिससे कीव और अन्य शहरों के कुछ हिस्सों में बिजली गुल हो गई। यूक्रेन की राज्य आपातकालीन सेवा द्वारा जारी फुटेज में आपातकालीन टीमों को राजधानी में एक आवासीय इमारत से लोगों को निकालते और आग बुझाते हुए दिखाया गया है। जेलेंस्की ने इस हमले को "निंदनीय और सुनियोजित" बताते हुए कहा कि देश भर में ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर 450 से ज्यादा ड्रोन और 30 मिसाइलें दागी गईं। स्थानीय मीडिया ने बताया कि इन हमलों में यूक्रेन भर में 20 लोग घायल हुए हैं, जिनमें दक्षिणी शहर जापोरिज्जिया में एक 7 साल के बच्चे की मौत हो गई।

# व्हाइट हाउस ने नोबेल समिति की आलोचना की, कहा: राजनीति को शांति से ऊपर रखा

**अमेरिका**
**ट्रंप विभिन्न** असत्यापित दावों के आधार पर इस सम्मान को पाने की कोशिश करते रहे हैं, जिनमें भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने का दावा भी शामिल है। व्हाइट हाउस अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक निवास और कार्यालय है।
व्हाइट हाउस के संचार निदेशक स्टीवन चेउंग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, नोबेल समिति ने साबित कर दिया है कि वे राजनीति को शांति से अधिक प्राथमिकता देते हैं।
यह बात वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार का विजेता घोषित किए जाने के कुछ घंटों बाद कही गई। चेउंग ने कहा कि ट्रंप शांति समझौते कराना, युद्ध समाप्त कराना और लोगों की जान बचाना जारी रखेंगे। उनका हृदय मानवतावादी है।
चेउंग की टिप्पणी के कुछ ही देर बाद, ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को धन्यवाद दिया, जिन्होंने नोबेल पुरस्कार न जीतने के बावजूद उनके शांति प्रयासों की सराहना की। उन्होंने लिखा, राष्ट्रपति पुतिन को धन्यवाद! एक प्रश्न के उत्तर में पुतिन ने



ताजिकिस्तान के दुशांबे में संवाददाताओं से कहा कि ट्रंप वर्षों और यहां तक ??कि दशकों से चले आ रहे जटिल संकटों को हल करने के लिए बहुत प्रयास कर रहे हैं। ट्रंप शांति समझौतों, विशेष रूप से अब्राहम समझौते, के माध्यम से इजराइल और कई अरब देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने का श्रेय लेते रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कई बार कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए सैन्य संघर्ष सहित आठ युद्धों को समाप्त कराने के लिए वह नोबेल शांति पुरस्कार के हकदार हैं।

# अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पूरी तरह से स्वस्थ हैं: चिकित्सक

**अमेरिका**
**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वॉल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में स्वास्थ्य जांच कराई, जिसके बाद उनके चिकित्सक ने कहा कि राष्ट्रपति पूरी तरह स्वस्थ हैं।
शुक्रवार को ट्रंप ने बेटेस्डा, मैरीलैंड स्थित अस्पताल में लगभग तीन घंटे बिताए। उनके चिकित्सक नेवी कैप्टन सीन बारबाबेला ने इसे नियमित जांच बताया।
इस दौरान ट्रंप ने सालाना फ्लू और कोविड-19 का बूस्टर टीका भी लगवाया।
डॉ. बारबाबेला ने शुक्रवार रात व्हाइट हाउस की ओर से जारी मेमो में लिखा, ह्यराष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप बिल्कुल स्वस्थ हैं।
उनके हृदय, फेफड़े, तंत्रिका तंत्र और अन्य अंग ठीक हैं।
उन्होंने कहा कि ट्रंप की एडवांस इमेजिंग, लैब टेस्टिंग आदि संबंधी स्वास्थ्य जांच की गईं। बारबाबेला ने यह भी बताया कि उन्होंने ट्रंप की हृदय आयु का भी आकलन किया, जो उनकी वास्तविक आयु की तुलना में लगभग 14 वर्ष जवां पाया गया है। ट्रंप 79 वर्ष के हैं।

# गाजा में युद्ध विराम समझौता लागू होने के बाद अपने घरों की ओर लौटे हजारों फलस्तीनी

**अमेरिका**
**अमेरिका** की मध्यस्थता में हुए युद्धविराम समझौते के लागू होने के बाद शुक्रवार को हजारों फलस्तीनी उत्तरी गाजा लौटे। इस समझौते से इजराइल और हमास के बीच युद्ध का अंत होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। हमास की ओर से शेष सभी बंधकों को कुछ ही दिन में रिहा कर दिया जाएगा। समझौते के बावजूद यह सवाल बरकरार है कि इजराइली सैनिकों के धीरे-धीरे पीछे हटने के बाद गाजा पर शासन कौन करेगा और क्या हमास अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की युद्धविराम योजना के अनुसार हथियार डालेगा।
इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मार्च में युद्धविराम समझौता एकतरफा तरीके से समाप्त कर दिया था। उन्होंने इस बार भी संकेत दिया कि अगर हमास हथियार नहीं डालता है तो इजराइल आक्रमण फिर से शुरू कर सकता है। युद्ध की शुरूआत सात अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इजराइल पर किए गए हमले से हुई जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और 251 लोगों को बंधक बना लिया गया था। इजराइल के जवाबी सैन्य हमले में हजारों फलस्तीनी मारे गए, गाजा तबाह हो गया और वैश्विक राजनीति में उथल-पुथल मच गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा में 67,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं और लगभग 170,000 घायल हुए हैं। शेष 48 बंधकों को सोमवार तक रिहा कर दिया जाएगा जिनमें से लगभग 20 के जीवित होने की उम्मीद है।

# इजरायली आर्मी का बड़ा एक्शन, पूर्व पाकिस्तानी सीनेटर को उठाया

**गाजा**
**गाजा** की तटवर्ती सड़क पर इंसानों का सैलाब उमड़ पड़ा है। 6 महीने की लगातार बमबारी और तबाही के बाद जब दोपहर 12 बजे युद्धविराम लागू हुआ, तो जैसे पूरा इलाका पहली बार चैन की सांस ले सका। हजारों फिलिस्तीनी अपने बच्चों और बचे-खुचे सामान के साथ खान यूनिस, नुसेरात और राफेह से होते हुए गाजा सिटी की ओर लौटे। शेख रदवान इलाके के लोगअपने घर पहुंचे तो उनकी आंखों में राहत और दर्द दोनों थे। उन्होंने कहा कि मेरे घर का सिर्फ निशान मिला है... पूरा मोहल्ला मलबे में दफन है।' आसपास के मकान ढह चुके हैं, बिजली-पानी ठप है और सड़कें कब्रिस्तान सी लग रही हैं। इन सब के बीच इजरायली फोर्स ने पाकिस्तान के सीनेटर मुश्ताक अहमद को गिरफ्तार कर लिया है। जिससे इजरायल और पाकिस्तान आमने सामने आ सकते हैं।
टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइली बलों ने गाजा जा रहे ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला को रोक लिया और स्वीडिश जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थुनबर्ग सहित कई कार्यकताओं को हिरासत में ले लिया था। ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला,



लगभग 50 छोटे जहाजों से बना है, जिसमें लगभग 500 लोग, राजनेता और कार्यकर्ता सवार हैं, और यह गाजा के घेरे में फंसे फि लिस्तीनियों के लिए प्रतीकात्मक मात्रा में मानवीय सहायता, मुख्यतः भोजन और दवाइयाँ, ले जा रहा है। यह फ्लोटिला पिछले महीने स्पेन से रवाना हुआ था, जिसका उद्देश्य गाजा पर इजराइल की नाकाबंदी को तोड़ना और इजराइल के सैन्य आक्रमण के कारण भुखमरी से तबाह हुए क्षेत्र में तत्काल मानवीय सहायता पहुँचाना था।
हालांकि, इजराइली विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कई जहाजों को रोक दिया गया है और उनके यात्रियों को एक इजराइली बंदरगाह पर स्थानांतरित किया गया। मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि हमास-सुमुद फ्लोटिला के कई जहाजों को पहले ही सुरक्षित रूप से रोक लिया गया है और उनके यात्रियों को एक इजराइली बंदरगाह पर स्थानांतरित किया जा रहा है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# हिंदी में तालिबान ने कर दिया ऐसा ऐलान, हिल गई पूरी दुनिया

**अफगानिस्तान**
**अफगानिस्तान** की तालिबान सरकार ने भारत में बैठकर हिंदी में एक ऐसा ऐलान किया है, जिसने पाकिस्तान में हड़कंप मचा दिया है। किसी को नहीं पता था कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी भारत में बैठकर अचानक हिंदी में पाकिस्तान को धमकी दे देंगे। ये धमकी अफगानिस्तान पर पाकिस्तानी एयर स्ट्राइक के बाद दी गई है। आमिर खान मुत्ताकी ने हिंदी में जो कहा है उसे सुनकर पाकिस्तान का खून सूख जाएगा। पाकिस्तान को धमकी देने के बाद आमिर खान मुत्ताकी ने भारत में बैठकर अपने बगराम एयरबेस पर भी बड़ा ऐलान कर दिया। ये वही एयरबेस है जिस पर कब्जा करने का ऐलान डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ दिन पहले किया था।
भारत की तरफ से ऐलान किया गया कि हम अफगानिस्तान में अपना दूतावास शुरू करेंगे। भारत ने अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद काबुल स्थित अपने दूतावास से अधिकारियों को वापस बुला लिया था। जून 2022 में भारत ने 'तकनीकी दल' भेजकर उपस्थिति बहाल की थी। यह पहली बार है जब तालिबान के विदेश मंत्री भारत दौरे पर आए हैं। बातचीत के बाद मुत्ताकी ने कहा कि हम किसी भी तत्व को अफगानिस्तान की भूमि का इस्तेमाल भारत के खिलाफ किसी भी गतिविधि के लिए नहीं होने देंगे।




हालांकि, भारत ने तालिबान को अब तक मान्यता नहीं दी है। इसके बाद भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने बयान में बड़ी ही रणनीति के साथ अफगानिस्तान को कंटीग्यूगस नेबर कहा यानी वो पड़ोसी देश जिनकी सीमा भारत से लगती है। यहां ध्यान देने वाली बात ये है कि जयशंकर ने कहा है कि अफगानिस्तान की सीमा भारत से लगती है। आधिकारिक तौर पर तो भारत और अफगानिस्तान बॉर्डर शेयर करते हैं, लेकिन फिलहाल वास्तविकता में भारत का जो इलाका अफगानिस्तान से लगता है वो पीओके का गिलगिट बाल्टिस्तान है। जहां पर पाकिस्तान का अवैध कब्जा है। गिलगिट बाल्टिस्तान अफगानिस्तान के वखान कारिडोर से जुड़ा है। यानी विदेश मंत्री जयशंकर ने आमिर खान मुत्ताकी के सामने कहा है कि हमारी जमीनी सीमा अफगानिस्तान से जुड़ी है। यानी गिलगिट बाल्टिस्तान हमारा है।
पाकिस्तान की काबुल पर स्ट्राइक्स को लेकर मुत्ताकी ने कहा कि अफगान लोगों के धैर्य को ना परखा जाए। जो ऐसा करते हैं, उन्हें पहले ब्रिटिश, अमेरिका और सोवियत से पूछना चाहिए, नाटो से पूछना चाहिए, जिससे उन्हें ये इस बात का अंदाजा हो जाएगा कि अफगानिस्तान के साथ किसी तरह के खेल खेलना सही नहीं। उन्होंने पाकिस्तान के आतंक फैलाने के आरोप का जवाब देते हुए कहा कि जो ऐसा कहते हैं उन्हें सबूत भी पेश करने चाहिए। वहीं, द्विपक्षीय बातचीत में जयशंकर ने तालिबान के मंत्री से कहा कि सीमा पार आतंकवाद दोनों देशों के लिए साझी चुनौती है। दोनों देशों को\ इसका सामना करने के लिए समन्वयित तौर पर मिलकर काम करना चाहिए।